नई दिल्ली
मंगलवार, 18 मार्च 2025
चैत्र मास, कृष्ण पक्ष
चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 337
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

**मौसम**
अधि. 36
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

केंद्र सरकार ने किया एप लॉन्च

## अब मोबाइल से भी कर सकेंगे पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए आवेदन



देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना और भी आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की बड़ी कंपनियों और मंत्रालयों में काम का असली अनुभव मिलने का रास्ता अब और आसान होने जा रहा है। अभी तक पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए लैपटॉप या कंप्यूटर के जरिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन एप्लाई करना पड़ता था। लेकिन, अब मोबाइल एप और सुविधा केंद्र के जरिए भी चुटकियों में छात्रों की सारी परेशानियां हल हो जाएंगी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

अच्छी खबर

### देशभर में बनेंगे 47 सुविधा केंद्र

केंद्र सरकार की योजना कोलकाता की ही तरह देशभर में 47 सुविधा केंद्र बनाने की है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाए। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रायसीना संवाद से इतर कई देशों के विदेश मंत्रियों संग हुई जयशंकर की मुलाकात

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती प्रदान करने के साथ ही क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार से राजधानी में शुरू हुए तीन दिवसीय रायसीना संवाद के दसवें सत्र से इतर कई देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों और अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड के साथ मुलाकात की। स्वीडन, आयरलैंड, स्लोवेनिया, घाना के विदेश मंत्रियों से हुई बातचीत में इन देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न विषयों के अलावा क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। यह जानकारी डॉ. जयशंकर ने अपनी कुछ एक्स पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने बताया कि अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड के साथ हुई मुलाकात में समकालीन वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर जरूरी आदान-प्रदान किया गया। स्लोवेनिया की उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री तांजा फाजॉन के साथ बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के वर्तमान सदस्य के रूप में वैश्विक चुनौतियों के बारे में उनके आकलन की सराहना की। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने स्वीडन की विदेश मंत्री मारिया. एम के साथ हुई बैठक के बारे में बताते हुए कहा कि आज सुबह स्वीडन की विदेश मंत्री के साथ मुलाकात कर खुशी हुई। इस दौरान हमने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भारत के संबंधों को और अधिक गहरा करने पर चर्चा की गई।



### आगे बढ़ेगी विकास साझेदारी

आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सिमॉन हैरिस के साथ हुई मुलाकात के बारे में एक्स पर बताते हुए जयशंकर ने कहा कि वार्ता में मैंने विदेश मंत्री हैरिस, आयरलैंड की सरकार और जनता को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मेरी हाल की आयरलैंड की यात्रा ने हमारे संबंधों को नवीनीकृत तथा मजबूत करने का अवसर प्रदान किया है। एक अन्य पोस्ट में विदेश मंत्री ने घाना के विदेश मंत्री एस.ओ अबलाक्वा से हुई मुलाकात का उल्लेख करते हुए कहा कि रायसीना संवाद से इतर घाना के विदेश मंत्री के साथ एक अच्छी बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों की विकास साझेदारी और वैश्विक दक्षिण सहयोग को आगे बढ़ाने के अवसरों की तलाश की गई। इसके अलावा भारत के विदेश मंत्री ने न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज रोजी टेलर से हुई मुलाकात को लेकर भी अपनी एक्स पोस्ट में प्रसन्नता जताई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ हुई बैठक में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## अमेरिका की धरती से भारत के खिलाफ आग उगलने वाले खालिस्तानियों की कसी जाए नकेल

अत्याधुनिक रक्षा नवाचार और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के बीच सोमवार को राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें सामरिक सुरक्षा, अत्याधुनिक रक्षा नवाचार और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड के समक्ष अमेरिका की जमीन पर लगातार फलते-फूलते अलगाववादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंता जताई और एसएफजे को एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित करने का आग्रह किया। सिख फार जस्टिस का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू है, जिसका बीते वक्त में अमेरिका में कई हिंदू धार्मिक स्थलों को निशाने बनाने के पीछे हाथ है। रक्षा मंत्री ने गेबार्ड से अलगाववादियों इन तमाम गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। दोनों के बीच हुई करीब करीब 30 मिनट से अधिक की इस मुलाकात में राजनाथ ने गेबार्ड को बताया कि एसएफजे का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलिजेंस (आईएसआई) और बब्बर खालसा आतंकी संगठन के साथ नापाक गठजोड़ है। गौरतलब है कि एसएफजे भारत में एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है और पन्नू विभिन्न जांच एजेंसियों की सूची में वांटेड के रूप में शामिल है। वहीं, अमेरिका में पिछले महीने गठित की गई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक बनीं तुलसी गेबार्ड की यह भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। रक्षा मंत्री से पहले उन्होंने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की थी।

### मजबूत होगी भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि नई दिल्ली में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमने रक्षा तथा सूचना साझाकरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। जिसका उद्देश्य भारत और अमेरिका की साझेदारी को और अधिक मजबूती के साथ गहराई प्रदान करना है। वहीं, रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में इस बात पर बल दिया कि सामरिक सुरक्षा दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक सामरिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनी हुई है। भारत-अमेरिका के बीच सैन्य अभ्यास, रणनीतिक सहभागिता, रक्षा औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के एकीकरण व एकीकरण, सूचना साझाकरण सहयोग तथा विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की दोनों ने समीक्षा की।

### सहयोग के अवसरों पर मंथन

मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड ने अपनी वार्ता में अत्याधुनिक रक्षा नवाचार और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। जो पारस्परिक रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही दोनों के बीच अंतर सहभागिता को बढ़ाने, लचीलेपन और नवाचार को विस्तार देने के उद्देश्य से रक्षा औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के अधिक एकीकरण को प्रमुखता देने जैसे जरूरी विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्री ने भारत की संस्कृति और विरासत को लेकर गेबार्ड की निरंतर भावना और प्रशंसा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ऐसी भावनाएं भारत-अमेरिका के बीच मित्रता के बंधन को और भी सशक्त बनाती हैं।

राजधानी में मीडिया से बातचीत में बोलीं भारत की यात्रा पर आईं अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड

## इस्लामिक आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए अमेरिका प्रतिबद्धः गेबार्ड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की यात्रा पर नई दिल्ली पहुंची अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस्लामिक आतंकवाद के खतरे का समूल नाश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जो न केवल अमेरिका और भारत के लोगों के लिए बल्कि बांग्लादेश, सीरिया, इजरायल और मध्य पूर्व के कई देशों के लिए एक खतरा बना हुआ है। यह जानकारी गेबार्ड ने भारतीय मीडिया से बातचीत में दी। उन्होंने इस विषय पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का जिक्र करते हुए कहा कि वह भी आतंकवाद के खतरे को बड़ी ही गंभीरता के साथ लेते हैं। भारत और अमेरिका के शीर्ष नेताओं ने इस खतरे का एकजुटता के साथ मुकाबला करने पर जोर दिया है। वर्तमान में अमेरिका के खुफिया समुदाय के लोग अपने देश को सुरक्षित रखने के मुख्य मिशन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे सच की तलाश के साथ आगे बढ़ रहे हैं। क्योंकि इसी की मदद से अमेरिकी राष्ट्रपति सटीक निर्णय ले सकेंगे। यहां बता दें कि तुलसी गेबार्ड करीब ढाई दिन की भारत यात्रा पर हैं। इसके तहत उन्होंने बीते रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मुलाकात की थी। इसके अलावा 17 मार्च को उनकी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई।

### अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न चिंताजनक

गेबार्ड ने यह भी कहा कि हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों का लंबे समय से जारी उत्पीड़न, हत्या व दुर्व्यवहार अमेरिका के नवगठित प्रशासन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए चिंता का विषय रहा है। अमेरिका के नए मंत्रिमंडल ने हालांकि बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के साथ बातचीत का आगाज कर दिया है। लेकिन उक्त घटनाएं हमारे लिए चिंता का सबब बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी संगठन और चरमपंथी तत्व एकजुटता से काम कर रहे हैं। इसमें इस्लामिक आतंकवादियों की विचारधारा और अन्य संगठनों के वैश्विक प्रयास एक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह सभी दुनिया में इस्लामी खिलाफत के आधार पर शासन का समर्थन करते हैं। लेकिन ट्रंप प्रशासन ऐसी किसी भी विचारधारा की पहचान कर उसे धूल चटाने के लिए दृढ़-संकल्पित है।

### खबर संक्षेप

#### फरवरी में थोक महंगाई में बढ़त, 2.38% पर



**नई दिल्ली।** सोमवार को सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी 2025 में थोक महंगाई दर में इजाफा हुआ है और ये जनवरी के 2.31% से बढ़कर फरवरी में 2.38% हो गई है। इसमें 0.07 फीसदी का इजाफा हुआ। होली से पहले रिटेल महंगाई का डेटा राहत भरा था। देश में खुदरा महंगाई दर फरवरी में 7 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई।

#### मसूरी बोर्डिंग स्कूल में छात्र की डूबने से मौत



**मसूरी।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित विनबर्ग-एलन स्कूल में सोमवार को एक 13 वर्षीय छात्र की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्र दिल्ली का रहने वाला था। छात्र स्विमिंग पूल में अभ्यास कर रहा था, तभी अचानक वह बेहोश होकर पानी में गिर गया। उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 की धमाकेदार शुरुआत



**नई दिल्ली।** कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत सोमवार से इंग्लैंड में हो गई। आयोजन इंग्लैंड में चार स्थानों पर किया जाएगा। इस बार पुरुष कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 में भारत सहित कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम को ग्रुप-ए में रखा गया है। इस ग्रुप में भारत के अलावा इटली, स्कॉटलैंड, वेल्स, हांगकांग की टीमें शामिल हैं।

## हरियाणा में भाजपा ने 27 नए जिलाध्यक्ष बनाए चार महिलाएं भी शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में बीजेपी ने रविवार को 27 नए जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसमें सात पुराने चेहरे हैं। वहीं बीस नए चेहरों को मौका दिया गया है। कैथल, डबवाली, हिसार और रेवाड़ी में महिला को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश के 22 जिलों के अलावा संगठन के अनुसार पांच अतिरिक्त जिलों के भी अध्यक्ष बनाए गए हैं। इन पांच जिलों में हांसी, गोहाना, डबवाली, गुरुग्राम महानगर और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एश्यारेंस पर एश्यारेंस चाहा संजय सिंह ने, तो मंत्री रिजिजू का जवाब- देते हैं एश्योरेंस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राज्यसभा में तेजतर्रार सांसद संजय सिंह ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को घेरने की कोशिश की तो रिजिजू ने अपने खास अंदाज में उनके सवाल को ही उलट दिया। हुआ यूं कि प्रश्नकाल के दौरान संसदीय कार्यमंत्रालय के सवाल पूछे जा रहे थे। एक सवाल पर पूरक सवाल करते हुए आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने सदन को मंत्रालय द्वारा दिये गये लिखित जवाब में से सवाल निकाला। उन्होंने कहा, सदन में पूछे गये सवालों पर संबंधित ▶▶ शेष पेज 5 पर

## छग के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को मिलेगा वर्ल्ड हेरिटेज का तमगा!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने छत्तीसगढ़ के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान (कांगेर वैली नेशनल पार्क) को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज स्थायी सूची (परमानेंट लिस्ट) में शामिल करने के लिए इस वर्ष प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी दी। लोकसभा में भाजपा सांसद संबित पात्रा के ओडिशा की जगन्नाथ यात्रा को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल करने की मांग के सवाल पर जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस वर्ष भारत ने छह स्थलों के नाम यूनेस्को को भेजे हैं, जिनमें ऐतिहासिक जगन्नाथ यात्रा के साथ छग का कांगेर घाटी ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिल्ली के अस्पताल में ली अंतिम सांस : पिता कृपा शंकर शर्मा मप्र के मुख्य सचिव रह चुके

## सीनियर आईपीएस मनीष शंकर शर्मा का निधन भारत-अमेरिका के संबंधों को दी थी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और स्पेशल डीजी (रेलवे) मनीष शंकर शर्मा का सोमवार तड़के दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया।

58 वर्षीय शर्मा लंबे समय से बीमार थे। मध्य प्रदेश कैडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी शर्मा, नियमित जांच के लिए दिल्ली गए थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र, केंद्र और मध्य प्रदेश में विभिन्न पदों पर कार्य किया था। उनके पिता कृपा शंकर शर्मा मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव रह चुके थे। शर्मा ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय मामलों और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुलिस सेवा में मनीष शंकर शर्मा का योगदान

मनीष शंकर शर्मा मूल रूप से नर्मदापुरम के निवासी थे, उन्होंने मध्य प्रदेश के रायसेन, सतना, छिंदवाड़ा और खंडवा जिलों में एसपी के रूप में भी अपनी सेवाएं दी थी। मनीष शंकर शर्मा के चाचा, डॉ. सीताशरण शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 1997-1998 में मनीष शंकर शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत बोस्निया और हर्जेगोविना में सेवाएं प्रदान कीं, जहां उन्होंने स्थानीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

बिल गेट्स ने भारत में हो रहे कृषि अनुसंधान की सराहना की

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से मिले बिल गेट्स, कृषि व ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और गेट्स फाउंडेशन के बिल गेट्स की सोमवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में बैठक हुई।

इस दौरान कृषि एवं ग्रामीण विकास के विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई। चौहान ने बताया कि हमने कृषि, खाद्य सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी नवाचार और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। गेट्स फाउंडेशन के सहयोग व प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करते हुए चौहान ने कहा कि भारत व गेट्स फाउंडेशन के बीच साझेदारी को और गहरा करने की असीम संभावनाएं हैं, विशेषकर डिजिटल कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोटेक्नोलॉजी एवं जलवायु अनुकूलित कृषि तकनीकों के क्षेत्र में। केंद्रीय कृषि मंत्री ने आशा जताई कि हम गेट्स फाउंडेशन व अन्य वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर विश्व के तमाम देशों में, खासकर गरीब और पिछड़े क्षेत्रों की मदद करने के लिए नवाचार, तकनीक तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देकर भूखरहित, सशक्त और आत्मनिर्भर विश्व के निर्माण में योगदान देंगे। बैठक में बिल गेट्स ने भारत में हो ▶▶ शेष पेज 5 पर



नया घमासानः औरंगजेब कब्र विवाद पर नागपुर में बवाल

## दो गुटों में पथराव-आगजनी और तोड़फोड़ कई गाड़ियों को फूंका, इलाके में दहशत

20-25 लोगों को गिरफ्तार किया गया, धारा 163 लागू

कुछ पुलिसकर्मी घायल, पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे



एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार को औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान दो गुटों के बीच विवाद के बाद तनाव काफी बढ़ गया। इसके बाद तोड़फोड़ की गई और कई वाहनों के आग के हवाले कर दिया गया। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अफवाहों पर न दें ध्यान- सीएम फडणवीस

महाराष्ट्र के सीएम ने कहा कि नागपुर के महल इलाके में पथराव और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस प्रशासन स्थिति को संभाल रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपील की है कि नागरिक इस स्थिति में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। हम लगातार पुलिस प्रशासन के संपर्क में हैं और नागरिकों को उनका सहयोग करना चाहिए। नागपुर एक शांतिपूर्ण और सहयोगी शहर है। यह नागपुर की स्थायी परंपरा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपील की है कि किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और प्रशासन को पूरा सहयोग दें।

## डूसू अध्यक्ष ने पीएचडी दाखिले में अनियमितता का आरोप लगाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय पर पीएचडी प्रवेश में यूजीसी के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री ने सोमवार को कहा कि चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन (नामांकन) हनीत गांधी ने आरोपों का खंडन किया और कहा कि विश्वविद्यालय को ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। प्रशासन का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया निष्पक्ष और नियमों के अनुसार संचालित की जाती है। खत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि अंग्रेजी विभाग को छोड़कर किसी विभाग ने चयनित अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का खुलासा नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया, ‟यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के मानदंडों के अनुसार, नेट स्कोर को 70 प्रतिशत और साक्षात्कार को 30 प्रतिशत महत्व दिया जाना चाहिए, लेकिन दिल्ली विश्वविद्यालय ने केवल साक्षात्कार के आधार पर ही प्रवेश दिया है।" छात्र नेता ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय ने वैचारिक झुकाव के आधार पर उम्मीदवारों को प्रवेश दिया है। खत्री ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाया।

### एक पिस्तौल और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

# मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना गिरोह का करीबी सहयोगी धरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुल प्रह्लादपुर इलाके में मुठभेड़ के बाद पुलिस ने नीरज बवाना गिरोह के एक करीबी सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान जंगपुरा निवासी शुभम (24) के रूप में हुई है, जिसे एक पिस्तौल और चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवि कुमार सिंह ने बताया, ''गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 16 मार्च को एमबी रोड पर वाहनों की जांच शुरू की। रात करीब साढ़े 10 बजे शुभम को मोटरसाइकिल से बदरपुर की तरफ से आते देखा गया। जब उसे रुकने का इशारा किया गया तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन मोटरसाइकिल पर से नियंत्रण खो देने के कारण वह गिर गया। सिंह के मुताबिक, शुभम ने आत्मसमर्पण करने के बजाय पुलिस टीम पर दो गोलियां चलाईं, जो कांस्टेबल आशीष को लगीं, लेकिन 'बुलेटप्रूफ जैकेट' के कारण वह बच गया। सिंह ने बताया कि जवाब में पुलिस ने भी दो गोलियां चलाईं, जिससे शुभम का पैर घायल हो गया। उन्होंने बताया कि शुभम को इलाज के लिए अखिल भारतीय अयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया। सिंह के मुताबिक, शुभम के पास से एक पिस्तौल, दो कारतूस और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान शुभम ने शिब्बू और नीरज बवाना गिरोह के साथ अपने संबंधों का खुलासा किया, जो दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में जबरन वसूली, संपत्ति विवाद, जुआ और मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े मामलों में शामिल रहा है।

### दिल्ली जल बोर्ड तोड़फोड़ मामला

## अदालत ने पुलिस से राघव चड्ढा को आरोपपत्र की प्रति देने को कहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को आदेश दिया कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा को 2020 में दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय में हुई तोड़फोड़ मामले में उनकी शिकायत पर दायर आरोपपत्र की एक प्रति प्रदान करें। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, भाजपा नेता आदेश गुप्ता और अन्य के खिलाफ मामले की जांच की निगरानी के लिए चड्ढा की याचिका के मद्देनजर यह निर्देश जारी किया। अदालत ने सुनवाई की तारीख सात अप्रैल तय की है।

दिल्ली पुलिस ने 24 दिसंबर, 2020 को दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय में हुई तोड़फोड़ के संबंध में कोविड मानदंडों के कथित उल्लंघन के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

**लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार**

(2010 के हरियाणा अधिनियम सं. 7 द्वारा स्थापित)

**पशु नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के पशुधन फार्म में देसी व संकर नस्ल की गायों, बछियों व सांडों की नीलामी दिनांक 21.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे की जाएगी। सभी इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

सर्व साधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि जो व्यक्ति बोली पर पशु खरीदने का इच्छुक होगा उसे सिक्योरिटी राशि के साथ आधार कार्ड की फोटोकापी भी जमा करानी होगी जोकि अति आवश्यक है इसके बिना किसी भी व्यक्ति को बोली परिसर में प्रवेश की अनुमति प्रदान नही की जायेगी। नीलामी स्थल पर मास्क और सामाजिक दूरी का उपयोग अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.luvas.edu.in पर उपलब्ध है या निम्न पते पर सम्पर्क करें :-

डॉ. गुलशन नारंग
विभागाध्यक्ष,
पशु अनुवांशिकी एवं प्रजनन विभाग
दूरभाष: 01662-256119

पीआरडीएच-1305/11/94/2025/32892/C/88/7 दि. 17.03.25

## सात अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी पकड़े, निर्वासन प्रक्रिया शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली से एक नाबालिग समेत सात अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को हिरासत में लिया है और उनके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए बांग्लादेशी अप्रवासियों की पहचान दिलावर खान (48), ब्यूटी बेगम (39), रफीकुल (43), तौहीद (20), मोहम्मद अजहर (28), जाकिर मलिक (40) और 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर नदी के रास्ते अवैध रूप से भारत में घुसे थे। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अभिषेक धानिया ने कहा कि वे दिल्ली और गाजियाबाद के विभिन्न इलाकों में रह रहे थे। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) की मदद से उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। धानिया के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने 16 मार्च को एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए कृष्णा नगर इलाके से दिलावर खान नाम के व्यक्ति को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि शुरुआती पूछताछ में दिलावर ने खुद को पश्चिम बंगाल का निवासी बताया, लेकिन लगातार पूछताछ और सत्यापन के बाद पता चला कि वह बांग्लादेश के खुलना जिले का रहने वाला एक बांग्लादेशी नागरिक है। धानिया के अनुसार, इसके बाद पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के विभिन्न हिस्सों में अवैध रूप से रह रहे छह और बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की। उन्होंने बताया कि दिल्ली के लक्ष्मी नगर, लाजपत नगर, कृष्णा नगर और सीमापुरी इलाके के अलावा गाजियाबाद के शालीमार गार्डन में छापेमारी के दौरान इन छह अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। धानिया ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

राष्ट्रीय राजधानी में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अभियान पिछले साल दिसंबर में शुरू हुआ था। फरवरी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं के साथ बैठक के बाद दिल्ली पुलिस ने अवैध अप्रवासियों की धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## ट्रांसपोर्टरों ने की परिवहन कल्याण बोर्ड स्थापना की मांग, संगठन ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने भारत सरकार को पत्र लिखकर अपील की है कि परिवहन श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल एक परिवहन कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने इस बारे में बताया कि इस समय देश में परिवहन कल्याण बोर्ड की स्थापना की बेहद सख्त आवश्यकता है। बोर्ड के द्वारा ट्रांसपोर्ट उद्योग की समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ परिवहन क्षेत्र को माना जाता है। इस व्यवसाय में कार्यरत ट्रांसपोर्टर, ट्रक चालक, क्लीनर और अन्य श्रमिक लगातार कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। इनके सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और कानूनी संरक्षण के अभाव में यह समुदाय अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। इन चुनौतियों को देखते हुए ही परिवहन कल्याण बोर्ड की स्थापना जरूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्टर से जुड़े सभी लोग सामाजिक सुरक्षा के अभाव में ट्रक चालकों, क्लीनरों और सहायक श्रमिकों को पेंशन, भविष्य निधि स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं। सड़क दुर्घटनाओं, बीमारी या अन्य आपात स्थितियों में इनके परिवारों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। जीएसटी ई-वे बिल, टोल टैक्स और प्रदूषण नियंत्रण नियमों में बार-बार होने वाले बदलाव ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर भारी वित्तीय बोझ डालते हैं। परिवहन व्यवसायी भ्रष्टाचार, जुर्माने और बेवजह की कानूनी कार्रवाइयों से परेशान रहते हैं। ईंधन की बढ़ती कीमतें, टोल शुल्क और वाहनों के रखरखाव का खर्च बढ़ने से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय घाटे में जा रहा है। ट्रांसपोर्टरों को समय पर भुगतान नहीं मिलता, जिससे उनका नकदी प्रवाह बाधित होता है। चालकों को कम वेतन और खराब कार्य परिस्थितियों के कारण मानसिक व शारीरिक तनाव झेलना पड़ता है। ट्रकों और व्यावसायिक वाहनों से जुड़े सड़क हादसों में पर्याप्त मुआवजा और कानूनी सहायता उपलब्ध नहीं होती। अधिकतर ट्रक चालकों के पास दुर्घटना बीमा नहीं होता, जिससे उनके परिवारों को गहरे वित्तीय संकट से गुजरना पड़ता है। माल की क्षति, बीमा दावों और कराधान से जुड़े कानूनी मामलों में ट्रांसपोर्टर असुरक्षित रहते हैं। कठिनाइयों के कारण लोग ट्रक चलाने का काम छोड़ रहे हैं, जिससे कुशल ड्राइवरों की भारी कमी हो गई है। उन्होंने कहा कि परिवहन कल्याण बोर्ड ऐसी योजनाएं लागू कर सकता है, जिससे इस पेशे को फिर से आकर्षक बनाया जा सके।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरेन्द्र, पुत्र श्री तेज राम, निवासी मकान नं. 263, गली नंबर 6, गांव जगतपुर, बुराड़ी, दिल्ली** ने **FIR No. 334/13, U/S 323/325/341/506 IPC, अन्तर्गत थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरेन्द्र,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरेन्द्र,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 334/13, U/S 323/325/341/506 IPC, अन्तर्गत थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरेन्द्र,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री पायल सिंगल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09 (केंद्रीय)**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 286**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3000/N/2025 (Court Matter)**

## दीक्षांत सप्ताह का शुभारंभ उत्साह के साथ हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ **पूसा संस्थान के स्नातकोत्तर छात्रों के शोध प्रस्तुतिकरण**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा), नई दिल्ली के 63वें दीक्षांत सप्ताह (17-22 मार्च, 2025) का शुभारंभ सोमवार को शैक्षणिक उत्साह के साथ हुआ। कृषि संस्थान प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि स्नातकोत्तर छात्रों (एम.एससी./एम.टेक.) के शोध प्रस्तुतिकरण आयोजित किए गए, जिसमें विभिन्न विषयों (कृषि रसायन, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि प्रसार, कृषि भौतिकी, सस्य विज्ञान, जैव रसायन विज्ञान, जैव सूचना विज्ञान, कीट विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, पुष्प विज्ञान एवं भूदृश्य विज्ञान, फल विज्ञान, आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन, सूक्ष्म जीव विज्ञान, आणविक जीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी, पौध आनुवंशिक संसाधन, पादप रोग विज्ञान, पादप कार्यिकी, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, मृदा विज्ञान और शाकीय विज्ञान) के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इन प्रस्तुतिकरणों में आईएआरआई मेरिट मेडल और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार के लिए महत्वपूर्ण शोध उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। सत्र का संयोजन जैव रसायन विज्ञान संभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिल दहूजा ने किया तथा सह-संयोजक उक्त संस्थानों के सह अधिष्ठाता (स्नातकोत्तर विद्यालय) डॉ. अतुल कुमार थे।

## मुख्यमंत्री से शिक्षकों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ **शिक्षकों की समस्याओं और शिक्षा के बजट पर दिए सुझाव**

राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर छिकारा एवं महासचिव अजय वीर यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से आधिकारिक बैठक की। बैठक में दिल्ली के शिक्षा बजट, तथाकथित झूठे शिक्षा मॉडल और योजनाओं पर बर्बाद किए गए बजट सहित कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में महासचिव अजय वीर यादव ने शिक्षकों के रिक्त पदों को अविलंब भरने हेतु बजट में उचित प्रावधान सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। गेस्ट टीचर्स के वेतन में वृद्धि एवं उनकी नौकरी की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाए जाने की मांग रखी गई। स्कूल परिसरों में सुरक्षा मानकों को पूरा करने हेतु पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती पर जोर दिया गया।

शिक्षक संघ प्रतिनिधियों ने शिक्षकों के साथ हो रही मारपीट और हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए, विद्यालय परिसरों में होने वाले अपराधों को गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में लाने हेतु कड़े कानून बनाने की चर्चा की। विद्यालयों के रखरखाव की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपने का प्रस्ताव, प्रधानाचार्यों को प्रशासनिक कार्यों से मुक्त कर, उन्हें शिक्षण कार्य पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया गया। विगत दो वर्षों से खेल सामग्री, खिलाड़ियों के भत्ते एवं रिफ्रेशमेंट फंड न मिलने पर चिंता व्यक्त की गई। खेल शिक्षकों ने खर्च स्वयं वहन किया, जिसका तुरंत भुगतान करने और बजट में बढ़ोतरी की मांग की गई।

### नहीं हो रही नालियों की सफाई, लोग परेशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इस समय बारिश नहीं हो रही है और इसके बावजूद भी दिल्ली में जगह जगह सड़कों, गालियों में पानी भरने की शिकायतें मिल रही हैं। नाले व नालियों की नियमित सफाई नहीं होना और कई जगह मरम्मत कार्य नहीं होना इसका कारण बताया जा रहा है। साथ ही लोगों का कहना है कि मानसून से पहले किए गए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के नाले नालियों को साफ करने संबंधी दावें भी गलत साबित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिल्ली नगर निगम प्रशासन को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। नरेला विधानसभा के बकौली गांव से अलीपुर की तरफ जाते समय मुख्य सड़क पर पानी भरा रहता है। इसके साथ ही नरेला जोन की वार्ड समिति बैठकों में पार्षद भी कई बार नालियों की सफाई करने के मामले उठा चुके हैं लेकिन दिल्ली सरकार और निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **मोहम्मद सुहाग उर्फ साहिल, पुत्रः मोहम्मद अकरम, निवासीः मकान संख्या 1980, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** और नामः **मुख्तार, पुत्रः बाबू जान, निवासीः मकान संख्या ई–633, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.71/2021 U/S 420/379/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **मोहम्मद सुहाग उर्फ साहिल और मुख्तार** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **मोहम्मद सुहाग उर्फ साहिल और मुख्तार** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **मोहम्मद सुहाग उर्फ साहिल और मुख्तार** से अपेक्षा की जाती है कि दोनों इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**गौरव गोयल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06.**
**मध्य जिला, कमरा नं. 247,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3106/N/2025**

# डीडीए उपाध्यक्ष से ग्रामीणों ने मुलाकात कर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ **खेल परिसरों में नि:शुल्क प्रवेश की मांग**

दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह से मुलाकात की और शहर के 360 गांवों के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पालम 360 के प्रमुख चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने डीडीए अधिकारी को ग्रामीणों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न मांगें रखीं। उन्होंने डीडीए से गांवों में बने सामुदायिक केंद्रों के संचालन को स्थानीय आरडब्ल्यूए या संबंधित गांव के प्रतिनिधियों को सौंपने का अनुरोध किया। हौज खास गांव का उल्लेख करते हुए श्मशान भूमि के लिए भूमि आवंटन के संबंध में स्थानीय लोगों की मांग रखी। पालम 360 के प्रमुख ने मास्टर प्लान 2041 के कार्यान्वयन की भी मांग रखी।

उन्होंने कहा कि शहर के गांवों में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि यह लंबे समय से ठप है और निवासियों और स्वदेशी लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सोलंकी ने मांग करते हुए कहा कि शहर के गांवों के मूल निवासियों को डीडीए के खेल परिसरों की निःशुल्क सदस्यता दी जानी चाहिए, क्योंकि ये परिसर ग्रामीणों की भूमि पर बनाए गए हैं जो पहले सरकार द्वारा बहुत कम कीमत पर अधिग्रहित की गई थीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गांवों के बच्चों के पास उद्यान और खेल के मैदान नहीं हैं, क्योंकि ग्राम सभा की भूमि शहरीकरण के लिए अधिग्रहित की गई थी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में सीसीटीवी कैमरा, पीओई स्विच कैट-6 केबल रोल, स्विच रैक की आपूर्ति। | 15.03.2025 07.04.2025 | 3500/- | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में अतिरिक्त अथवा अल्टरनेट 500 एमबीपीएस 1 आईएस से 1 बैंड विड्थ 16 पब्लिक आईपी के साथ की आपूर्ति। | 15.03.2025 08.04.2025 | 4500/- | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 3 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में सीसीटीवी कैमरा, पीओई स्विच कैट-6 केबल रोल, स्विच रैक, पैच पैनल, 10 सैट की आपूर्ति। | 15.03.2025 10.04.2025 | 4000/- | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 4 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | 80 टीबी सैन स्टोरेज और 2 सैन स्विचेज 5 वर्षों की गारंटी के साथ की आपूर्ति। | 15.03.2025 15.04.2025 | 1.90 लाख | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/80/32899/I/88/7 दि. 17.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | गांव अकबरपुर, जिला यमुनानगर में सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र के साथ-साथ आवासीय एक्मॉडेशन के शेष कार्य का निर्माण। | 15.03.2025 24.03.2025 | 328.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | गांव गोरखपुर जिला फतेहाबाद में राजकीय पशु चिकित्सा हॉस्पीटल का निर्माण। | 13.03.2025 27.03.2025 | 33.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | जिला फतेहाबाद में अतिरिक्त जिला और सेक्शन जज हेतु लघु सचिवालय परिसर फतेहाबाद में दो ज्युडिशियल हाउसेज का निर्माण। | 13.03.2025 03.04.2025 | 224.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक पशुपालन और डेयरिंग पंचकूला | राज्य पशु धन शो 2025 का आयोजन। | 13.03.2025 20.03.2025 | ईएमडी 2,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416157873 dg.ahd@hry.nic.in |
| 5 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस हेतु 75 अदद 5.56 ×45 एमएम कार्बन सीक्यूबी की खरीद हेतु पुनः निविदा। | 13.03.2025 24.03.2025 | 77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |
| 6 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस हेतु 100 अदद 9 एमएम पिस्टल की खरीद हेतु पुनः निविदा। | 13.03.2025 24.03.2025 | 80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/120/32907/I/88/7 दि. 17.03.25

**खबर संक्षेप**

### बीएसईएस का बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम बनकर तैयार

**नई दिल्ली।** निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस का बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम बनकर तैयार हो गया है , जो जल्द ही कार्य करना शुरू कर देगा। इस बारे में कंपनी ने बताया कि व्यावसायिक रूप से मान्य, देश का पहला स्टैंड-एलोन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम बनकर पूरी तरह से तैयार है। इस सिस्टम से उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में बहुत मदद मिलेगी। इस बैटरी सिस्टम में यह क्षमता होगी कि यह करीब 1 लाख उपभोक्ताओं को रोजाना चार घंटे तक अपने दम पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर सकता है। कंपनी ने बताया कि इसमें कुल 12 अत्याधुनिक लिक्विड कूल्ड कंटेनर्स होंगे। इनमें से 9 लिक्विड कूल्ड कंटेनर्स पहले ही लगाए जा चुके हैं और बाकी 3 लगाए जाने की प्रक्रिया में हैं। ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॅर पीपुल एंड प्लानेट (जीईएपीपी) की मदद से इस बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) को तैयार किया गया है।

### टाटा पावर ने किया एफएसआर ग्लोबल से समझौता

**नई दिल्ली।** निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने एफएसआर ग्लोबल से समझौता किया है। इस बारे में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गजानन एस काले ने कहा हमें एफएसआर ग्लोबल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, यह स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकियों और नीति अनुसंधान में नवाचार को बढ़ावा देगा। हरित ऊर्जा स्त्रोतों को तेजी से अपनाने के साथ, भारत ऊर्जा संक्रमण के महत्वपूर्ण चरण में है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हम अपने अनुभव और सीखों को साझा करें, ताकि स्थायी भविष्य के लिए प्रभावी समाधान विकसित किए जा सकें। यह सहयोग भारत के बिजली क्षेत्र की विश्वसनीयता, दक्षता और लचीलापन बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे हमारे समुदायों और अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर एफएसआर ग्लोबल की कार्यकारी निदेशक स्वेता रवि कुमार ने कहा कि भारत में एक अंतर-संचालनीय स्मार्ट ग्रिड डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करना अत्यंत आवश्यक है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# दवाओं की उपलब्धता और मेडिकल सेवाओं में किया जाए सुधार: पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आपातकालीन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाए और आपातकालीन वार्ड में आने वाले मरीजों को अनावश्यक रूप से अन्य अस्पतालों में रेफर ना किया जाए। इसके लिए दवाओं की उपलब्धता और मेडिकल सेवाओं में सुधार किया जाए ताकि मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके। यह निर्देश स्वास्थ्य मंत्री डॉ.पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को औचक निरीक्षण के दौरान संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल प्रशासन को दिए।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं, आपातकालीन सेवाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया और वहां मौजूद तीमारदारों से उनकी समस्याओं सुनी। यहां उन्होंने पेशेंट एडमिशन रजिस्टर को देखकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा, उन्होंने अस्पताल के वार्डों में जाकर मरीजों से भी बातचीत की और उनके इलाज की स्थिति की जानकारी ली। अस्पताल के डॉक्टरों और अन्य स्टाफ को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि मरीजों की देखभाल में कोई कमी न आए और हर नागरिक को समुचित चिकित्सा सुविधा मिले। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। इसलिए मैं कभी भी किसी भी अस्पताल का निरीक्षण कर सकता हूं, ताकि व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अस्पतालों की कमियों को दूर करने और स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, ताकि दिल्ली के नागरिकों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

मंत्री डॉ. पंकज ने अस्पताल प्रशासन और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि मरीजों के प्रति सहानुभूति और पेशेवर रवैया अपनाया जाए, ताकि अस्पताल में सकारात्मक माहौल बना रहे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों के साथ खड़ी है और किसी भी प्रकार की कमी को जल्द दूर किया जाएगा। वहीं मंत्री ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने पर जोर दिया।

**स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर किए वादे जल्द होंगे पूरे**

मंत्री जी ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य हर नागरिक को किफायती, सुगम और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर दिल्लीवासियों से किए गए वादे को हम 100 दिनों के भीतर पूरा करते नजर आएंगे।

## विकसित दिल्ली बजट में सांसदों के सुझावों को किया जाएगा शामिल : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मुख्यमंत्री ने सांसदों के साथ की बैठक

विकसित दिल्ली बजट 2025 में दिल्ली के सांसदों के सुझावों को शामिल किया जाएगा। यह बात सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सांसदों के साथ बैठक करने के बाद कही। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार दिल्ली के सांसदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें विकसित दिल्ली बजट 2025 को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य दिल्ली के समग्र विकास के लिए सांसदों के सुझावों को शामिल करना और केंद्र सरकार के सहयोग से विकास कार्यों को और तेज़ी से लागू करना है। बैठक के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि विकसित दिल्ली बजट 2025 केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि हर दिल्लीवासी के उज्ज्वल भविष्य का रोडमैप होगा। हमारी कोशिश है कि आगामी बजट आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्वच्छ पर्यावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के नए अवसरों के संकल्प को पूरा करे। सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली न केवल भारत में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे, बल्कि एक वैश्विक शहर के रूप में उभरे, जहां हर नागरिक को बेहतर अवसर और सर्वश्रेष्ठ आधारभूत संरचना मिलें। आज इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए हमने दिल्ली के सांसदों के साथ बैठक की। बैठक में दिल्ली के सांसदों ने विकसित दिल्ली बजट को लेकर विभिन्न पहलुओं पर अपनी राय रखी।

## एक लाख 90 हजार राशन उपभोक्ताओं की हो चुकी ई-केवाईसी : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में अब तक लगभग एक लाख 90 हजार राशन उपभोक्ता ई-केवाईसी करा चुके हैं। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विभाग की समीक्षा बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में राशन वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) की पारदर्शिता में सुधार के लिए चल रहे कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बैठक में विभाग के अधिकारियों ने विभाग के कामकाज के बारे में एक प्रेजेंटेशन दी और मंत्री को उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) की विजिबिलिटी बढ़ाने के लिए विभाग के प्रयासों से अवगत कराया गया। मंत्री को राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी कार्यान्वयन के बारे में भी जानकारी दी गई। माई ई-केवाईसी मोबाइल एप को सफलतापूर्वक शुरू किया गया है, जिससे लाभार्थी कहीं से भी अपना ई-केवाईसी पूरा कर वेरिफिकेशन कर सकते हैं। इस कदम का उद्देश्य राशन डिस्ट्रीब्यूशन के प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर लाभार्थियों का सत्यापन करना है।

## युद्धस्तर पर होंगे विकास कार्य, 100 दिनों में दिखेगा बदलाव : प्रवेश

***मंत्री प्रवेश वर्मा ने पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक***

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वर्षों की उपेक्षा के बाद दिल्ली में युद्धस्तर पर विकास के कार्य होंगे और इसका असर पर 100 दिनों में जमीन पर दिखेगा। यह बात सोमवार को दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक करने के बाद कही। गौरतलब है कि दिल्ली में वर्षों से लंबित विकास कार्यों को गति देने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने ऐतिहासिक पहल की है। अब हर विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रख रहे हैं, और संबंधित विभागों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए जा रहे हैं।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि पहले कार्य इसलिए नहीं हुए क्योंकि नीयत नहीं थी, लेकिन अब भाजपा सरकार युद्धस्तर पर काम करके दिल्लीवासियों को राहत देगी। प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस पहल का असर अगले 100 दिनों में जमीनी स्तर पर नजर आएगा।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में सड़कों और नालों की मरम्मत, सीवर सफाई और जल निकासी प्रबंधन, जलभराव की समस्या का समाधान, अवैध कब्जों पर कार्रवाई और लंबित विकास परियोजनाओं में तेजी लाने जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली में वर्षों से कोई काम इसलिए नहीं हुआ क्योंकि सरकार की नीयत साफ नहीं थी। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब युद्धस्तर पर काम करने की जरूरत है। हम सड़कों की मरम्मत, सीवर की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। हम अधिक से अधिक क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करेंगे। भाजपा सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि लोगों की सेवा के लिए काम करती है।

**इन विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं पर हुई चर्चा**


बैठक में त्रिलोकपुरी, पटपड़गंज, लक्ष्मी नगर (पूर्वी क्षेत्र), मुंडका, नांगलोई जाट, मोती नगर, माधिपुर (पश्चिमी क्षेत्र), मंगलापुरी, शकरपुर, किराड़ी (उत्तर-पश्चिम क्षेत्र) सहित अन्य विधानसभाओं की समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान मंत्री मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ राजनीति के लिए नहीं, बल्कि दिल्ली के लोगों की सेवा के लिए काम कर रही है। यह पहल दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनता को त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### यमुना जल की क्वालिटी तय मानक से 6400 गुणा दूषित पानी, सरकार तुरंत उठाए कदम : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने यमुना के प्रदूषण को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) की यमुना जल क्वालिटी चेक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि नदी का पानी तय मानक से 6400 गुणा अधिक दूषित है। यादव ने कहा कि यह कोई आरोप नहीं है बल्कि सरकार की संस्था डीपीसीसी ने उजागर किया है कि 8 जगह के सैंपल लेकर चैक कया जिसकी रिपोर्ट में यमुना में सीवेज पानी की वजह से तय मानक की जगह 6400 गुणा अधिक दूषित पानी पाया गया जो बेहद चिंताजनक है। यादव ने बताया कि यमुना में मानव वेस्ट फेकल केलीफार्म और बॉयोलोजिकल आक्सीजन डिमांड का स्तर बढ़ना चिंता जनक है। पिछले कुछ महीनों में मानव वेस्ट बढ़ने से दिसम्बर 2024 में फेकल केलीफार्म का स्तर 8.4 मिलीयन यूनिट प्रति 100 एमएल था वो फरवरी में 16 मिलीयन यूनिट प्रति 100 एमएल हो गई है। जबकि रिपोर्ट अनुसार दिसम्बर 2020 के बाद मानव वेस्ट का स्तर अधिक बढ़ा है। जल में बीओडी ऑक्सीजन का स्तर 3 एमजी प्रति लीटर या कम होना चाहिए, जो जलीय जीवन के लिए आवश्यक है, परंतु यमुना से लिए गए 8 सैंपल में पल्ला में इसका स्तर 6 एमजी प्रति लीटर और असगरपुर में इसका स्तर 72 एमजी प्रति लीटर पाया गया जो मानकों से 24 गुणा अधिक है।

# डीडीए आवासीय योजना के लिए दे रहा है 25 प्रतिशत की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 31 मार्च तक कर सकते है आवेदन

देश की राजधानी दिल्ली में अपने सपनों का घर हो यह इच्छा किस की नहीं होगी। अब इस सपने को साकार करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की आवासीय योजना 2025 श्रमिक आवासीय योजना के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में 25 फीसदी तक छूट मिल रही है। सबका घर आवासीय योजना में आने वाले वन बीएचके के ईडब्ल्यूएस फ्लैट, वन बीएचके के एलआईजी फ्लैट, टू बीएचके के एमआईजी फ्लैट और तीन बीएचके के एचआईजी फ्लैट के साथ श्रमिक आवासीय योजना के वन बीएचके ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के लिए बुकिंग प्रक्रिया 31 मार्च तक उपलब्ध है। डीडीए की श्रमिक आवासीय योजना, सबका घर आवासीय योजना और विशेष आवासीय योजना के तहत 8 हजार से अधिक फ्लैटों को बुक करने का लोगों को अवसर मिलेगा। सबका घर आवासीय योजना में सिरसपुर, लोकनायक पुरम, नरेला के विभिन्न सेक्टरों में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के 6810 फ्लैट ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया जारी है। जबकि नरेला और लोकनायक पुरम में डीडीए ने कुल 769 एमआईजी व एचआईजी फ्लैट की बुकिंग को प्रक्रिया में शामिल किया हैं। डीडीए के अनुसार नरेला के अलग अलग सेक्टर में कुल 471 एमआईजी फ्लैट और 235 एचआईजी फ्लैट शामिल किए है। वहीं श्रमिक आवास योजना के तहत भी नरेला में 700 ईडब्ल्यूएस फ्लैट बुक करने का अवसर दिया गया है। इसमें नरेला के जी 2 सेक्टर के पॉकेट 3,4,5 और 6 के लिए डीडीए ने 25 फीसदी छूट के साथ 8.65 लाख रुपये से लेकर 8.8 लाख रुपये तक कीमत के 700 ईडब्ल्यूएस फ्लैट को श्रमिकों के लिए शामिल किया है। फ्लैटों के लिए बुकिंग राशि केवल 50 हजार रुपये रखी है। लोकनायक पुरम, सिरसपुर और नरेला में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैटों पर भी छूट है। लोकनायक पुरम और नरेला में एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों पर भी छूट है।

डीडीए के अधिकारियों के अनुसार सबका घर आवासीय योजना के सभी फ्लैटों में और श्रमिक आवासीय योजना के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में 25 फीसदी तक छूट दी गई है। सबका घर आवास योजना के फ्लैटों में छूट के बाद ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की कीमत 8.65 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक है। साथ ही, एलआईजी फ्लैटों की कीमत छूट के बाद 10.5 लाख रुपये से लेकर 21.35 लाख रुपये तक है। इसके अलावा नरेला में एमआईजी फ्लैटों की कीमत छूट के बाद 75 लाख रुपये से लेकर 91.5 लाख रुपये तक है। नरेला में एचआईजी फ्लैटों की कीमत 105 लाख रुपये से लेकर 129.75 लाख रुपये है। जबकि, लोकनायक पुरम में एमआईजी फ्लैटों की कीमत छूट के बाद 88.5 लाख रुपये से लेकर 92.25 लाख रुपये तय की गई है। ई-नीलामी के तहत कुल 110 एचआईजी, एमआईजी व एलआईजी फ्लैट को लोग खरीद सकते हैं।

इसमें महिपालपुर रोड पर वसंत कुंज में सात एचआईजी फ्लैट, द्वारका सेक्टर-14 फेज-2 में 20 एमआईजी फ्लैट, द्वारका सेक्टर-19थी में 18 एमआईजी व द्वारका के अन्य सेक्टरों में एमआईजी फ्लैट, द्वारका सेक्टर-23बी में तीन एलआईजी फ्लैट रोहिणी सेक्टर-16 में पांच एलआईजी फ्लैट, रोहिणी सेक्टर-20 में एक एलआईजी फ्लैट, रोहिणी सेक्टर-21 में एक एलआईजी फ्लैट, लोनी के पूर्व में दो एलआईजी फ्लैट और जाफराबाद में एक एलआईजी फ्लैट मौजूद है।

**सदन की मर्यादा को आप पार्षदों ने किया तार-तार : नेता विपक्ष**

# नगर निगम की सदन बैठक में हुआ हंगामा, एजेंड़ा फाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में सोमवार को हुई आम सदन बैठक में फिर से जोरदार हंगामा हुआ और इसी जोरदार हंगामे व नारेबाजी के बीच दिल्ली के महापौर महेश कुमार खींची ने कई प्रस्ताव पारित, स्थानांतरित और शर्तों के साथ पारित कर दिए गए। वहीं, दूसरी तरफ सदन बैठक को लेकर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष चाहता ही नहीं ही नहीं है कि सदन बैठक शांति से चले। नेता विपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम की आम सभा की बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) पार्षदों द्वारा सदन की मर्यादा को तार-तार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निगम एक्ट के जरिये आप पार्षद महेश कुमार महापौर बने हैं, लेकिन जब वह सदन में पहुंचे तो उनके सम्मान में आप के ही पार्षद खड़े नहीं हुए और इसे लेकर भाजपा आप पार्षदों द्वारा महापौर की मर्यादा को ठेस पहुंचाने की निंदा करती है। सदन में जब भाजपा ने इस मुद्दे को उठाया तो आप के पार्षदों ने माफी मांगने की बजाय शोर मचाना शुरू कर दिया और शोर-शराबे में प्रस्ताव पास कर लिए गए। जबकि आप के पास बहुमत नहीं है। वहीं, नेता सदन मुकेश गोयल ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा वाले चाहते ही नहीं है कि जनता के मुद्दों पर चर्चा हो और उन्हें फायदा मिल सके।

बता दें कि सोमवार को बैठक का समय दोपहर दो बजे निर्धारित था लेकिन महापौर करीब दो बजकर 35 मिनट पर सदन में पहुंचे। इसके बाद महापौर ने पार्षदों से शांत रहने की अपील की। हंगामे के दौरान कुछ पार्षद महापौर के आसन तक पहुंच गए और माइक भी खींच लिया, इस दौरान कागज फाड़कर भी उड़ाये गए। यह देख सत्तापक्ष के सदस्य और सुरक्षा कर्मी भी महापौर के बचाव में आगे आ गए और बिना माइक के ही महापौर ने सदन बैठक को स्थगित कर दिया।

केशवपुरम जोन चेयरमैन व पार्षद योगेश वर्मा का कहना है कि जब सदन चलाने के लिए महापौर महेश कुमार ही गंभीर नहीं हैं तो सत्तापक्ष के सदस्यों से अपेक्षा कैसे की जा सकती है कि वे सहयोग करेंगे। आज भी जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होनी थी, लेकिन सत्तापक्ष के सदस्यों का जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। इसी वजह से वे हंगामे में विश्वास रखते हैं, जनता के मुद्दों में नहीं। वहीं, पार्षद डॉ. अमित नागपाल का कहना है कि सत्ता पक्ष का व्यवहार सदन में ठीक नहीं रहता है। बैठक में भी उन्हें चाहिए था कि हंगामे की बजाय जनता के मुद्दों पर चर्चा करते, लेकिन वह हंगामा करते रहे। जबकि कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश का कहना है कि पक्ष और विपक्ष के सदस्य जनता के मुद्दों के प्रति गंभीर नहीं हैं। वह हमेशा हर बैठकों में एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करते हैं, जिससे जनता से जुड़े मुद्दे धूमिल हो जाते हैं। भाजपा और आप के बीच लड़ाई में आखिरकार जनता ही पिस रही है, क्योंकि उसकी बात सदन में नहीं हो पा रही है।

**जनता के मुद्दों पर नहीं हो सकी बहस**

बता दें कि हंगामे की आहट होते ही सत्ता पक्ष के पार्षद भी मेजों पर खड़े हो गए और विपक्षी पार्षद के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पक्ष-विपक्ष की नारेबाजी के दौरान महापौर ने एजेंडा पास कर दिया, लेकिन इसके बावजूद भी हंगामा नहीं रूक पाया। शोर शराबे के दौरान यह भी पता नहीं चल सका कि एजेंडे में जनता के किन-किन मुद्दों पर बहस होनी थी। सदस्यों की गंभीरता का इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विपक्षी सदस्यों ने एजेंडे की कॉपी तक फाड़ दी। यह देख सत्तापक्ष के सदस्य और ज्यादा भड़क गए।

## पार्किंग की दरों में नहीं होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में पार्किंग की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को रद्द कर दिया है। बता दें कि वाहन चालकों को अब अप्रैल माह से बढी हुई दरों पर पार्किंग चार्ज का भुगतान नहीं करना पडेगा। दिल्लीवासियों को राहत देते हुए निगम की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी ने पार्किंग की दरों में बढोत्तरी के प्रस्तावों को रद्द कर दिया। सोमवार को सदन बैठक में हंगामे के बीच इस प्रस्ताव का पारित किया गया है। वहीं, इसके साथ ही भलस्वा डेयरी को भलस्वा आवासीय कॉलोनी में परिवर्तित करने को लेकर लाए गए प्रस्ताव को भी निगम सदन ने रद्द कर दिया है।

दिल्ली नगर निगम के इस फैसले से दिल्ली और बाहर से आने वाले वाहन चालकों को भारी राहत मिली है। वहीं, जानकारी के अनुसार निगमायुक्त ने निगम मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित कॉलोनियों की श्रेणी के आधार पर अंतर दर को मंजूरी दी थी। इसके अनुसार पार्किंग को 'ए' और 'बी' श्रेणी में बांटा गया था। दो पहिया वाहन के लिए 'ए' श्रेणी इलाके में 15 रुपये और 'बी' श्रेणी में 10 रुपये पार्किंग शुल्क देना प रस्तावित है।

इसी तरह से एक से तीन घंटे के लिए श्रेणी वार पार्किंग दर 50 रुपये और 25 रुपये था। इससे अधिक समय होने पर प्रति घंटा 15 और 10 रुपये अतिरिक्त चार्ज लगाना प्रस्तावित था। मासिक दरों में भी वृद्धि कर इसे 1500 रुपये और 1000 रुपये किया गया था। निगम की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी ने भारी हंगामे के बीच इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया है। सत्ता दल का कहना रहा कि निगम प्रशासन भलस्वा डेयरी इलाके में तोड़फोड़ करना चाहती है।

# पहले दिन फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में गौतमबुद्धनगर की हेमलता ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

**खास बातें**
- 216 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं
- बाडी बिल्डिंग व आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता महामाया स्टेडियम में शुरू हुई
- प्रतियोगिता का उद्घाटन आयुक्त मसूरी लिपि नगाचय ने किया

**मेरठजोन अन्तरजनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता**



मेरठ जोन, मेरठ की 28वीं अन्तरजनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर (महिला/पुरूष) कुश्ती, बांक्सिंग, बाडी बिल्डिंग व आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता सोमवार को महामाया स्टेडियम में शुरू हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी/लाइन्स लिपि नगायच ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन 53 किग्रा भारवर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती में हेमलता कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने प्रथम, श्वेता जनपद मेरठ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में 65 किग्रा में अभिषेक जनपद मेरठ ने प्रथम स्थान एवं आदेश जनपद सहारनपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बाक्सिंग महिला वर्ग में 51 किग्रा मे राशि शर्मा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने प्रथम स्थान एवं अंजू कमिश्नरेट गाजियाबाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता 19 मार्च तक चलेगी। प्रतियोगता में मेरठ जोन, मेरठ के जनपद हापुड, बागपत, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली एवं कमिश्नरेट गौतबुद्धनगर व गाजियाबाद के 216 खिलाड़ी के अलावा कुश्ती, बांक्सिंग, बाडी बिल्डिग आर्म रेसलिंग के अलग-अलग भार वर्गो मे अन्य खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइंस धर्मेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक महावीर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पंचाल के तूफान से सुपर स्ट्राइकर्स ने जीता सर्वोटेक स्पोर्ट्स एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट

पंचाल ने 35 गेंदों पर बनाए 145 रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में चल रहे सर्वोटेक स्पोर्ट्स एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सीजन में सुपर स्ट्राइकर्स ने फाइनल में डायनामिक डेयरडेविल्स को छह विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मुकाबले के हीरो रहे पंचाल ने महज 34 गेंदों में 145 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डायनामिक डेयरडेविल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 200 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पारी के दौरान सुशांत सिंह (83), अंश (31) और अमान अल्वी (43) ने शानदार योगदान दिया। हालांकि सुपर स्ट्राइकर्स मैच के दौरान हमेशा ही हावी रहे और बेहद आसानी से महज 9.3 ओवरों में 201 रन बनाकर जीत को अपनी ओर मोड़ लिया।

**पंचाल ने तूफानी पारी में 5 चौके 20 छक्के जड़े**




एक समय पर स्ट्राइकर्स ने मात्र 15 रनों के स्कोर पर 2 विकेट खो दिए थे, लेकिन फिर बल्लेबाजी करने आए पंचाल ने अपनी तूफानी पारी से मैच का रुख की पलट कर रख दिया। अपनी पारी के दौरान उन्होंने 5 चौके और 20 छक्के जड़ते हुए मैच को पूरी तरह से डायनामिक डेयरडेविल्स से छीन लिया। पंचाल को जस्सी का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने सिर्फ 6 गेंदों में 26 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। क्रिकेट टूर्नामेंट ने युवा और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को रणजी और और अनुभवी पेशेवरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का एक अनूठा मंच प्रदान किया, जिससे उन्हें उच्च स्तरीय क्रिकेट का अनुभव मिल सके। इस टूर्नामेंट का आयोजन सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड के खेल विभाग सर्वोटेक स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया।

**खबर संक्षेप**


### सलूजा की बेटी के निधन की खबर से शोक की लहर



**फरीदाबाद।** पंजाबी सभा फरीदाबाद के संस्थापक अध्यक्ष वासुदेव सलूजा की पुत्री 63 वर्षीय रेनू कत्याल का निधन हो गया है। कल रविवार को उनका अंतिम संस्कार कानपुर में ही किया गया। 18 मार्च को कानपुर के होटल लैंडमार्क में किया जाएगा। पंजाबी सभा के अध्यक्ष संजीव गोल्डी सलूजा ने बताया कि बहन रेनू कत्याल पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थी। अमरीका में रह रहा उनका बेटा गौरांग कत्याल अपने परिवार के साथ पिछले कुछ समय से मां-बाप के पास रह कर मां की सेवा कर रहा था।

### होटल में थूक लगाकर रोटी बनाने वाला धराया

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर क्षेत्र में एक होटल में युवक द्वारा थूक लगाकर रोटी बनाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी लिपि नगायच ने बताया कि थाना मुरादनगर पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के संबंध में एक तहरीर प्राप्त हुई। तहरीर के अनुसार नाज होटल मुरादनगर पर एक व्यक्ति रोटियों पर थूक लगाते हुए नजर आ रहा है। इस सूचना पर सुसंगत धाराओं में तत्काल एक अभियोग पंजीकृत किया गया एवं इशरार नामक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर महापौर की अपील, आमजन करें सफाई में सहयोग

स्वच्छता के प्रति लोग जागरुक

महापौर प्रवीण बतरा जोशी ने नवनिर्वाचित पार्षदों से भी अपील की घर-घर जाकर शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए चलाएं अभियान, इसमें नगर निगम का सहयोग करें और अपने आसपास साफ -सफाई ध्यान रखें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद की नवनिर्वाचित महापौर प्रवीण बत्तरा जोशी ने फरीदाबाद के लोगों का आह्वान किया है कि जल्द ही शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत टीमें आएंगी और शहर की साफ -सफाई का सर्वेक्षण करेगीं। महापौर जोशी ने शहरवासियों से अपील की है कि इसमें नगर निगम का सहयोग करें और अपने आसपास साफ -सफाई ध्यान रखें। उन्होने निगम के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों से भी आह्वान किया की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को एक मिशन के रुप में लिया हुआ है और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी पूरे प्रदेश में इस मिशन को सफल बनाने में लगे हैं तो हम सभी को भी स्वच्छता को लेकर जनजागरुक अभियान पर जोर देना होगा ताकि हर किसी को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा सके।

**खास बातें**
- ननि प्रशासन दिन-रात शहर को साफ-सुथरा करने में जुटा
- प्रत्येक व्यक्ति को साफ-सफाई का प्रण लेना चाहिए
- ननि ने जगह-जगह कचरा संग्रह केंद्र बनाए

**शहर और प्रदेश स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा**



नवनिर्वाचित महापौर प्रवीण बतरा जोशी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन दिन-रात एक कर शहर को साफ -सुथरा करने में लगा हुआ है, हम सभी को उनका सहयोग करना चाहिए उन्होंने कहा की प्रत्येक व्यक्ति यह सुनिश्चित कर ले क वह स्वयं गंदगी नहीं फैलाने देगें तो अपने आस-पास सफाई कि ध्यान रखेंगे तो देश के प्रधानमंत्री का यह स्वच्छता मिशन अपने आप सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यह प्रण लेना होगा की वह देश को साफ -सुधरा बनाने में अपना सहयोग देगा और अपने आस पास सफाई रखेगा। हमारा शहर और प्रदेश के साथ-साथ देश स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि निगम ने जगह-जगह कचरा संग्रह केंद्र बनाए हैं, केवल कचरा वहीं पर डाले, गीला व सूखा कचरा को अलग-अलग करके डाले तथा नाली व सीवर में पॉलीथीन न डालें इससे सीवर व नाली जाम होती है जोकि सड़कों पर गंदगी का कारण बनती है।

**शहर को साफ सुथरा रखने में निगम का सहयोग करें**

उन्होंने पार्षदों से भी आग्रह करते कहा की जिस प्रकार से प्रत्येक पार्षद वोटो के लिए घर-घर गए, उसी प्रकार से इस स्वच्छता अभियान को लेकर घर-घर जाएं और शहर को साफ -सुधरा रखने में निगम का सहयोग करें, तभी हम जनता से किए अपने वायदों को पूरा कर पाएंगें। इस दौरान उन्होंने सभी फरीदाबाद वासियों यों से अपील करते कहा कि इस बार हमे अपने फरीदाबाद को स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने में सहयोग करना होगा ताकि हमारा फरीदाबाद का स्वच्छता सर्वेक्षण में नाम उच्चतम शिखर पर आ सके।

**आईएमए भवन में मेदोरोग और टुबल ब्लॉकेज विषय पर सेमिनार आयोजित**

## समय रहते मोटापे पर नियंत्रण नहीं तो जान भी जा सकती हैः डॉ. विनोद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मोटापा बेहद खतरनाक है यदि समय से इस पर नियंत्रण नहीं किया जाए तो मधुमेह, हृदय रोग और त्वचा रोग हो सकते है। यह बात प्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ विनोद शर्मा ने राजनगर स्थित आईएमए भवन में आयोजित मेदोरोग और टुबल ब्लॉकेज पर आयोजित सेमिनार में व्याख्यान दे रहे थे। सेमिनार का आयोजन आयुर्वेद एशना के तत्वावधान में किया गया। सेमिनार में देश के जाने माने 47 आयुर्वेद चिकित्सकों ने भाग लिया। सेमिनार में आयुर्वेद के क्षेत्र में विभिन्न रोगों की चिकित्सा में नए आयाम बताए और सिखाए गए। डॉ. विनोद ने बताया कि मोटापा कितना ख़तरनाक है और इस से मधुमेह, हृदय रोग और त्वचा रोग हो सकते है। यदि समय रहते इस की चिकित्सा नहीं की गई तो ये जानलेवा भी हो सकता है।

दिल्ली से आई डॉ चंचल शर्मा ने महिलाओं की गंभीर बीमारी टुबल ब्लॉकेज पर बहुत सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा से ये बिलकुल ठीक हो सकता है और महिलाएं संतान सुख पा सकती है।

कार्यक्रम के संयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ आनंद वशिष्ठ ने आये सभी चिकित्सकों का आभार प्रकट किया और भविष्य में और रोगों के आयुर्वेदिक उपचार के लिए ऐसे ही कार्यक्रम करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम का मंच संचालन सर्वोदय हॉस्पिटल के मेडिकल अफसर डॉ नीरज गर्ग ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमा के अध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी ने की।

मुख्य अतिथि दिल्ली भारतीय चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार डॉ रघुराम अय्यागरी थे। कार्यक्रम में डॉ हरीश कपूर, शिल्पी जैन, रश्मि गुप्ता, ज्योति गुप्ता, पूजा गोयल, रश्मि चतुर्वेदी, लालीमा, नीतू अग्रवाल, संगीता गेरा, समीक्षा अग्रवाल, प्रीती सारस्वत, प्रशांत शांडिल्य, किशोर गोयल समेत अनेक चिकित्सकों ने भाग लिया।

## पंकज पूजन रामपाल फरीदाबाद व सोहनपाल सिंह बने बल्लभगढ़ भाजपा के जिलाध्यक्ष

जिला चुनाव अधिकारी सत्यप्रकाश जरावता ने की जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर फरीदाबाद जिले के चुनाव अधिकारी सत्यप्रकाश जरावता ने फरीदाबाद के दोनों नव निर्वाचित जिला अध्यक्षों पंकज पूजन रामपाल और सोहनपाल सिंह के नामों की घोषणा की और दोनों जिला अध्यक्षों को उनके निर्वाचन पर बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की, दोनों जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों का स्वागत किया और उनको मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। चुनाव प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली द्वारा जिला अध्यक्षों



की सूची जारी करने के बाद जिला चुनाव अधिकारी सत्यप्रकाश जरावता ने फरीदाबाद एवं बल्लभगढ़ के दोनों जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। इस अवसर पर जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला चुनाव सह अधिकारी नीरा तोमर एवं सुरेन्द्र जांगड़ा, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चे, विभाग, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता, पार्षद एवं भाजपा कार्यकत्ता उपस्थित रहे और सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बल्लभगढ़ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह युवा मोर्चा के समय से ही भाजपा के साथ जुड़े रहे हैं।

## बजट से लघु उद्योगों को मिलेगी राहतः अध्यक्ष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा प्रदेश के सीएम व वित मंत्री नायब सैनी द्वारा प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट पर एनसीआर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एनसीसीआई) ने लघु उद्योगों को राहत देने वाला बजट बताया है। एनसीसीआई के अध्यक्ष एचपी यादव ने कहा कि बजट में गैर औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहे उद्योगों को विभागों द्वारा अनुमोदन प्रदान करने से लघु उद्योगों को राहत मिलेगी। वहीं एचएसवीपी द्वारा जो औद्योगिक क्षेत्र एचएसआईआईडीसी को हस्तांतरित किए गए हैं उनके नियम व शर्तें यथावत रखने के फैसले से उद्योगों को राहत मिलेगी। एचएसवीपी द्वारा पंचायत के माध्यम से रियायती दर पर ईएसआईसी डिस्पेंसरी और अस्पताल के लिए जमीन प्रदान करना सराहनीय कदम है लेकिन इन अस्पतालों में डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। यादव ने यह भी कहा कि इस बजट में चैम्बर द्वारा दिए गए सुझावों का ध्यान रखा गया है।

**लघु उद्योगों को राहत देने वाला बजट बताया**



लेकिन, वर्तमान औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने का कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया। एनसीसीआई के स्टीयरिंग कमिटी के चेयरमैन रविंदर बंसल के अनुसार औद्योगिक श्रमिकों के लिए डारमेट्री का निर्माण का निर्णय सराहनीय है लेकिन ये सुविधा ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों तक पहुंचने के लिए बड़ी संख्या में इसका निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि 10 नए आईएमटी का विकास किया जाना सराहनीय कदम है, साथ ही वर्तमान आईएमटी क्षेत्रों की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। औद्योगिक क्षेत्र के भवनों 5 एकड़ (नए) से 10 एकड़ भवन (नवीनीकरण) के नक्शे की मंजूरी का अधिकार जिला स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त को देने से उद्योगों को राहत मिलेगी। इस बजट के माध्यम से उद्योगों एवं श्रमिकों का ध्यान रखने का प्रयास किया गया है परन्तु इसका धरातल पे सही ढंग से क्रियान्वयन होना जरूरी है। कुल मिलाकर यह बजट उद्योगों के लिए सकारात्मक है।

### झगड़े के मामले में 3 आरोपियों को दबोचा

**फरीदाबाद।** लड़ाई-झगड़े के मामले में थाना धौज पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीते 15 मार्च के इंदिरा आवास कॉलोनी गांव पाखल निवासी विजय कुमार ने थाना धौज में दी अपनी शिकायत में बताया कि 15 मार्च को अपने भाई के घर परिवार के साथ जन्मदिन मना रहे थे। शिकायतकर्ता के किसी रिश्तेदार का पडोसी आजाद की स्कूटी पर पैर लग गया, जिस पर आजाद की पत्नी ने गाली गलौच करना शुरू कर दिया। जिसको सुनकर शिकायतकर्ता व उसके परिवार के लोग घर से बाहर आये, आरोपीगण भी घर से बाहर खड़े थे।

**पूछताछ में हुआ मामले का खुलासा**

## कलयुगी पिता ने दुष्कर्म के बाद बेटी की कर दी हत्या, पड़ोसन को झूठा फंसाया, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



थाना लोनी बोर्डर पुलिस ने सोमवार को एक ऐसे 52 वर्षीय कलयुगी पिता को गिरफ्तार किया है, जिसने अपनी सात वर्षीय बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी और झूठी कहानी गढ़कर अपने पड़ोस में रहने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। एसीपी एके सिंह ने बताया कि 13 मार्च को खुशी वाटिका थाना लोनी बॉर्डर निवासी ज्ञान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने उसे उसके घर कढ़ी पका कर भेजी थी। जिसके खाने से उसकी एक बेटी की मौत हो गई थी जबकि उसकी पत्नी, बच्चे बीमार हो गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला कुछ और ही निकला। बच्ची की मौत का कारण कढ़ी से सेवन से नहीं पाया गया। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मृत बालिका के साथ दुष्कर्म किया गया था और उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने गहराई से जांच की और उसके पिता ज्ञान सिंह से पूछताछ की तो ज्ञान सिंह ने बताया कि उसने अपनी पुत्री के साथ गलत काम किया और उसके गला दबाकर हत्या कर दी थी। खुद को बचाने के लिए उसने झूठी कहानी बनाकर उसने अपनी पड़ोसन को फसवा दिया था लेकिन अब उसे पता चला कि पुलिस की पूरी जानकारी इस मामले में हो चुकी है।

## निजीकरण और मांगों की अनदेखी से नाराज बिजली कर्मचारी 26 जून को करेंगे हड़तालः सुभाष लांबा

हड़ताल को लेकर 17 से 25 मार्च तक चेन्नई, मुंबई, कोलकाता, गुवाहाटी व देहरादून में होंगे सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बिजली कर्मचारियों के प्रमुख संगठन इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन 10-12 मार्च को त्रिवेंद्रम में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन सेंटर ऑफ ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के महासचिव तपन सेन ने किया। सम्मेलन में 22 राज्यों से 350 से ज्यादा डेलीगेट्स ने भाग लिया।

यह जानकारी देते हुए इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि सम्मेलन में केन्द्र एवं राज्यों द्वारा बिजली क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने पर घोर निंदा की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पावर यूटीलिटीज के निजीकरण के खिलाफ और पुरानी पेंशन बहाली, ठेका आउटसोर्स संविदा कर्मियों को नियमित करने, लेबर कोड्स को वापस लेने, बिजली को मानव अधिकार



बनाने आदि मांगों को लेकर 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का फैसला लिया गया। सम्मेलन में उप्र, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना व महाराष्ट्र सरकारों से निजीकरण करने के तमाम प्रयासों पर तूरंत रोक लगाने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर 26 जून की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए 16 मार्च को चेन्नई, 17 मार्च को मुंबई, 21 मार्च को कोलकाता, 22 मार्च को गुवहाटी व 25 मार्च को देहरादून में मीटिंग आयोजित की जाएगी। ईईएफआई ने इन बैठकों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का फैसला लिया गया। सम्मेलन में 18 मार्च को केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में हड़ताल सहित अन्य सभी फैसलों में शामिल होने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के चेयरमैन देवेन्द्र सिंह हुड्डा व प्रधान सुरेश राठी की अगुवाई में 27 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में उप्र सरकार द्वारा पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम के निजीकरण के खिलाफ उप्र में आयोजित चारों रैलियों का भी पुरजोर समर्थन करने का फैसला लिया गया। सम्मेलन में चुनी गई नई राष्ट्रीय कमेटीः सम्मेलन में आगामी तीन साल के लिए सर्व सम्मति से नई राष्ट्रीय कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें ई करीम प्रधान, सुदीप दत्ता महासचिव, एस राजेन्द्रन कोषाध्यक्ष, प्रशांत नंदी चौधरी, सुभाष लांबा, सुरेश राठी राठी आदि।

### गांव नवादा कोह की पहाड़ी में मिली लाश के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** गांव नवादा कोह की पहाड़ी में अज्ञात युवक के शव के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि मृतक की पहचान दीपक निवासी नैन चौक, जवाहर कॉलोनी के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने बताया कि दीपक 14 मार्च को दिन के समय घर से निकला था और वापस नहीं आया। वह पिछले चार-पांच महीने से प्रेस कॉलोनी स्थित एक वर्कशॉप में काम कर रहा था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जहीर उर्फ आकाश उर्फ चूचु पुत्र नक्शे खान, पताः मकान नं ए–75, राजीव नगर बेगमपुर, दिल्ली** ने **FIR No 526 / 14 धारा 324 / 326 / 341 भा.द.स. के तहत** थानाः बेगमपुर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जहीर उर्फ आकाश उर्फ चूचु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जहीर उर्फ आकाश उर्फ चूचु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No 526 / 14 धारा 324 / 326 / 341 भा.द.स. के तहत थानाः बेगमपुर, दिल्ली के उक्त जहीर उर्फ आकाश उर्फ चूचु** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष(या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वसुंधरा छौंकर
एसीजेएम
पश्चिम जिला, कमरा नं.101
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3130/RD/2025

## खबर संक्षेप

### रामनवमी को लेकर यूपी पुलिस हाई अलर्ट पर



**लखनऊ।** रामनवमी को लेकर यूपी पुलिस हाई अलर्ट हो गई है। यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। उन्हें निर्देश दिए कि वे राज्य में विभिन्न धार्मिक आयोजनों में उपस्थित लोगों के संबंध में सतर्कता और खुफिया जानकारी एकत्र करें। इस संबंध में पुलिस आयुक्तों, अतिरिक्त महानिदेशकों, क्षेत्रीय महानिरीक्षकों, उप महानिरीक्षकों व जिला अधीक्षकों को निर्देश जारी किए हैं।

## बुढ़वा मंगल गीत-गुलाल व खुशियों का दिन

बुढ़वा मंगल गीत, गुलाल और खुशियों का जश्न है। होली के बाद पहले मंगलवार 18 मार्च को काशी में उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान अस्सी से राजघाट तक गंगा की लहरों पर बजड़े सजाए जाएंगे।

# अस्सी से राजघाट तक 15 बजड़ों पर सजेगी संगीत की महफिल, गंगा की लहरों पर आज मनाया जाएगा जश्न

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

फूलों की लड़ियों से सजी नाव-बजड़े, चांदनी-मसनद, शमादान और गलीचे पर सजी संगीत की महफिल। गुलाब की भीनी-भीनी खुशबू। लाल-पीले गुलाल से रंगे चेहरे। जी... ऐसा नजारा होली के बाद काशी के बुढ़वा मंगल का होता है। होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को यानी 18 मार्च को बुढ़वा मंगल का ये उत्सव मनाया जाएगा। अस्सी से राजघाट तक बजड़ों पर बुढ़वा मंगल की महफिल सजेगी। काशी में गीत, गुलाल, और खुशियों के साथ बुढ़वा मंगल का अनोखा जश्न मनाया जाता है। ये काशी की संस्कृति और परंपरा का ही प्रतीक है। जब लोग अपने घरों से निकलकर बनारस के गंगा घाट पहुंचते हैं और बजड़े पर सजी संगीत की महफिल में रंग, अबीर-गुलाल के साथ खुशियों का जश्न मनाते हैं।



### त्योहार को होली के समापन के रूप में मनाते हैं काशी वासी

पक्का महाल के 78 वर्षीय बच्चेलाल ने बताया कि होली के बाद काशी के लोगों में एक अनोखी खुमारी छाई रहती है, जो बुढ़वा मंगल के साथ समाप्त होती है। यह परंपरा कई साल पुरानी है और बनारस आज भी इसे संजोए हुए है। इस त्योहार को लोग होली के समापन के रूप में भी मनाते हैं।

### कई घाटों पर होता है परंपरा का निर्वहन, होरी-चैती से शाम सुरीली

होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को बनारस के कई घाटों पर इस परंपरा का निर्वहन होता है। दशाश्वमेध घाट से अस्सी घाट तक बुढ़वा मंगल की खुमारी में लोग डूबते उतराते हैं। गंगा नदी में खड़े बजड़े में लोकगायक अपनी प्रस्तुति देते हैं। इसमें बनारस और आसपास के जिलों के कई लोकगायक कलाकार शामिल होते हैं। बनारसी घराने की होरी, चैती, ठुमरी से शाम सुरीली हो उठती है। होली की मस्ती के बाद, बनारसी जोश के साथ लोग अपने पुराने काम के ढर्रे पर लौट जाते हैं।

## पेज एक का शेष

### अब मोबाइल से वित्त...

निर्मला सीतारमण ने सोमवार को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एप को लॉन्च कर दिया है। यही नहीं कोलकाता में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से जुड़ी जानकारियां देने के लिए पहला सुविधा केंद्र भी शुरू हो गया है। इन कदम से युवाओं के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और देश की टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना और भी आसान हो जाएगा। योजना के तहत इंटर्नशिप करने के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख काफी नजदीक है। पहले इसकी अंतिम तारीख 12 मार्च, लेकिन अभी इसे बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दिया गया है।

### देशभर में बनेंगे ...

पहले दौर में 1.27 लाख युवाओं के इस योजना के तहत इंटर्नशिप करने का अवसर मिला था। दूसरे दौर में भी 1.25 लाख से ज्यादा युवाओं को इंटर्नशिप का मौका देने का लक्ष्य रखा गया है।

### हरियाणा में भाजपा...

बल्लभगढ़ शामिल है। बीजेपी की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक पंचकूला से अजय मित्तल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। अंबाला से मंदीप राणा, यमुनानगर से राजेश सपरा, कुरुक्षेत्र से सरदार तेजेन्द्र गोल्डी को जिलाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, कैथल से ज्योति सैनी, करनाल से प्रवीण लाठर, पानीपत से दुष्यंत भट्ट और सोनीपत से अशोक भारद्वाज जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा गोहाना से बिजेन्द्र मलिक, जींद से तेजेन्द्र ढुल, रोहतक से रणवीर ढाका, झज्जर से विकास बाल्मीकि को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। डबवाली से रेणु शर्मा, सिरसा से यतीन्द्र सिंह एडवोकेट, हांसी से अशोक सैनी और हिसार से आशा खदेड को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा फतेहाबाद से प्रवीण जोडा, भिवानी से वीरेन्द्र कौशिक, दादरी से इंजीनियर सुनील और रेवाड़ी से वन्दना पोपली को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही महेन्द्रगढ़ से यतेन्द्र राव, गुड़गांव से सर्वप्रिय त्यागी, पटौदी से अजीत यादव और नूंह से सुरेन्द्र सिंह पिंटू को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पलवल से विपिन बैंसला, बल्लबगढ़ से सोहनपाल सिंह और फरीदाबाद से पंकज पूजन रामपाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

### एश्यारेंस पर एश्यारेंस...

मंत्रालय द्वारा काम होने का एश्योरेंस दिया जाता है। दो महीने के अंतराल में मंत्रालय को एक्शन लेना पडता है। लेकिन मंत्रालय के आंकडे बता रहे हैं कि वर्ष 2024 में 160 आश्वासन यानी एश्यारेंस सांसदों को दिये गये उनमें से अब तक केवल 39 पर कार्रवाई हुई। संजय सिंह ने कहा 72 फीसदी काम नहीं हुआ। उन्होंने इसका कारण पूछा तो संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने स्वतंत्रता प्राप्ति से अब तक का आंकडा रखते हुए कहा कि अब तक कुल 58 हजार 153 आश्वासन दिये गये उनमें से 57 हजार 606 पर कार्रवाई हुई। केवल 547 पेंडिंग है। मतलब 99 फीसदी आश्वासनों पर कार्रवाई हुई। मगर, वे संजय सिंह के 2024 मे दिये गये आश्ववासनों में से 72 फीसदी पर अब तक कार्रवाई न किये जाने पर साफ जवाब नहीं दिया। उन्होंने इतना जरूर कहा कि कुछ विभागों के सवालों में कई तरह के अन्य विभागों से समन्वय कर कार्रवाई की जाती है इसीलिए कुछ अधिक समय लग सकता है लेकिन सदन को आश्वस्त कराते हुए उन्होंने कहा कि सदन पटल पर किसी मंत्री द्वारा किसी विषय पर आश्वासन दिया गया तो उस पर कार्रवाई हो, इसकी कोशिश तय नियमों के तहत केंद्र सरकार द्वारा लगातार की जा रही है।

### छग के कांगेर घाटी ...

राष्ट्रीय उद्यान भी शामिल है। हाल ही में, कांगेर घाटी को यूनेस्को की "टेंटेटिव लिस्ट" में भी स्थान दिया गया है, जिससे इसे वर्ल्ड हेरिटेज साइट बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित है और यह अपनी जैव विविधता, घने जंगलों और अद्भुत गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है। इस उद्यान का नाम यहाँ बहने वाली कांगेर नदी से लिया गया है। यह लगभग 200 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और 1982 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला। यह क्षेत्र साल, सागौन और बाँस के वृक्षों से आच्छादित है और यहाँ 555 से अधिक शाकाहारी प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से 45 दुर्लभ हैं। पर्यटन के लिहाज से भी कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बेहद महत्वपूर्ण है। यहाँ की कुटुम्बसर, कैलाश और डंडक गुफाएँ भूवैज्ञानिक संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध हैं, जबकि तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर धारा और भैंसा दरहा जैसे स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यह क्षेत्र न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है बल्कि संरक्षण और अनुसंधान के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। यदि कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में अंतिम रूप से स्थान मिल जाता है, तो इससे क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और संरक्षण के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही, यह छत्तीसगढ़ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा।

### सीनियर आईपीएस ...

सार्वजनिक नीति में मास्टर्स किया था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद का विशेष अध्ययन किया था। उन्होंने चार महाद्वीपों में काम किया था। सैन डिएगो, यूएसए के मेयर ने शर्मा को सम्मानित किया था। 20 जुलाई 2015 को 'मनीष एस शर्मा दिवस' घोषित किया गया था। यह सम्मान उन्हें भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए दिया गया था। इसके अलावा, उन्हें यूएस हाउस ऑफ रिप्रिजेंटेटिव्स का सर्टिफिकेट ऑफ स्पेशल कांग्रेसनल रिकग्निशन भी प्रदान किया गया था। शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं।

**सीएम डॉ. यादव ने शोक व्यक्त किया...सरकार ने ईमानदार और समर्पित अधिकारी खो दिया:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने एक ईमानदार और समर्पित आईपीएस अधिकारी खो दिया है। उनका निधन मध्य प्रदेश सरकार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा, और भाजपा व कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### पुलिस सेवा में ...

पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा, वे सुरक्षा निदेशक (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) और टी-बोर्ड ऑफ इंडिया के निदेशक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान...

रहे कृषि अनुसंधान की सराहना करते हुए कहा कि इससे पूरी दुनिया को बहुत फायदा हो सकता है। चौहान ने कहा कि गेट्स फाउंडेशन ने कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालयों के साथ साझेदारी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, विशेष रूप से जी-20 के दौरान तथा डिजिटल एग्रीकल्चर एवं एग्रीकल्चर क्रेडिट में तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध कराकर, जिसके लिए उन्होंने आभार जताया, साथ ही कहा कि गेट्स फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य, कृषि, पोषण व गरीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं, जो लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बना रहे हैं, हमारी परंपरा ऐसे महानुभावों का सम्मान करना सिखाती है।
उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। पिछले दशक में कृषि क्षेत्र में भारत की औसत वार्षिक वृद्धि 4 फीसद से अधिक रही है। वैश्विक कृषि भूमि व स्वच्छ जल संसाधनों का 4 फीसद से भी कम होने के बावजूद, भारत दुनिया की 18 फीसद मानव आबादी व 15 फीसद पशुधन को खाद्य सुरक्षा प्रदान करता है। भारत बाजरा, मसाले, दूध, दालों का सबसे बड़ा उत्पादक व चावल, गेहूं, फल-सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। पोषण सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुये भारत जलवायु-अनुकूलित व सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दे रहा है, जैसे प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि और जलवायु-स्मार्ट तकनीकें। कृषि सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। भारत कुल वार्षिक बजट का 10-11 फीसद कृषि व संबंधित क्षेत्रों पर खर्च करता है, जो 5 लाख करोड़ रूपये से अधिक है।
चौहान ने कहा कि भविष्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारा ध्यान जलवायु-प्रतिरोधी और बायोफोर्टिफाइड किस्मों के विकास पर है। आईसीएआर ने 2900 से अधिक फसल किस्में विकसित की हैं जिनमें से 85 फीसद जलवायु-प्रतिरोधी और 179 बायोफोर्टिफाइड हैं। गेट्स फाउंडेशन, आईसीएआर के साथ कार्य कर रहा है, इस क्षेत्र में और अधिक तकनीकी सहभागिता की संभावनाएं हैं। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेष सिंह सहित दोनों मंत्रालयों के तथा आईसीएआर के अधिकारी व गेट्स फाउंडेशन के हरी मेनन व अल्केश आडवाणी भी उपस्थित थे।

### दो गुटों में पथराव...

जिन वाहनों को आग के हवाले किया गया, उनमें विस्फोटों की आवाज भी सुनी गई। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि दो जेसीबी को आग के हवाले कर दिया गया और एक फायरमैन घायल हो गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर वाहनों में तोड़फोड़ की। सड़क पर ई-रिक्शा और ऑटो को पीछे करके सड़क जाम करने की भी कोशिश की गई। सड़क पर खड़े दोपहिया वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। ई-रिक्शा को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी तैनात कर दी गई है और पुलिस कमिश्नर और जॉइंट कमिश्नर समेत सभी अधिकारी पहुंच गए हैं और स्थिति पर काबू पाने की कोशिश में लग गए हैं। नागपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा कि अभी स्थिति शांतिपूर्ण है। एक तस्वीर जलाई गई जिसके बाद लोग इकट्ठा हुए, उन्होंने आग्रह किया और हमने इस संबंध में कार्रवाई भी की। वे मुझसे मिलने मेरे ऑफिस भी आए थे। उन्हें बताया गया कि उनके द्वारा बताए गए नामों के आधार पर एक एफआईआर दर्ज की गई है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना रात 8-8.30 बजे के आसपास हुई। पुलिस तलाशी अभियान चला रही है और इसमें शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। हमने कम से कम 20-25 लोगों को गिरफ्तार किया है। हमने धारा 163 लागू कर दी है और सभी से कहा गया है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और कानून को अपने हाथ में न लें। अफवाहों पर विश्वास न करें। इस क्षेत्र को छोड़कर, पूरा शहर शांतिपूर्ण है।'

**नितिन गडकरी ने की शांति की अपील:** केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने कहा कि कुछ अफवाहों के कारण नागपुर में धार्मिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। शहर का इतिहास ऐसे मामलों में शांति बनाए रखने के लिए जाना जाता है। मैं अपने सभी भाइयों से आग्रह करता हूं कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और शांति बनाए रखें। सड़कों पर न निकलें। कानून व्यवस्था में सहयोग करें।

**गलतफहमी की वजह से बनी स्थिति- डीसीपी:** डीसीपी नागपुर अर्चित चांडक ने कहा कि यह घटना कुछ गलतफहमी के कारण हुई। स्थिति अभी नियंत्रण में है। यहां हमारा बल मजबूत है। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे बाहर न निकलें या पथराव न करें। पथराव हो रहा था, इसलिए हमने बल का प्रदर्शन किया और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। कुछ वाहनों में आग लगा दी गई, हमने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाई। कुछ पुलिस कर्मी घायल हुए, पथराव के दौरान मेरे पैर में भी हल्की चोट आई। लेकिन हम सभी से शांति बनाए रखने का आग्रह करते हैं। अफवाहों पर भरोसा न करें। कानून व्यवस्था को भंग न करें और पुलिस का सहयोग करें। हम कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।'

## अपराधियों पर कहर बनकर टूटी यूपी पुलिस

# 8 साल में 222 अपराधी ढेर, 130 आतंकी 171 अवैध रोहिंग्या व बांगलादेशी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार के आठ सालों में पुलिस ने 222 अपराधियों को एनकाउंटर में मारा, 130 आतंकियों को गिरफ्तार किया और 142 अरब से अधिक की संपत्ति जब्त की. 66 हजार हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।

उत्तर प्रदेश सीएम योगी सरकार के आठ साल पूरे हो रहे हैं। इस दौरान अपराधियों पर पुलिस कहर बनकर टूटी। कानून-व्यवस्था के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ज़ीरो टॉलरेंस की नीति का असर देखने को मिला। प्रदेश में अपराधियों पर न सिर्फ शिकंजा कसा गया, बल्कि अपराध से अर्जित करोड़ों की संपत्ति बी जब्त की गई।

योगी सरकार के आठ सालों में पुलिस और एसटीएफ के साथ एनकाउंटर में 222 अपराधी मारे गए। इतना ही नहीं आठ साल में 130 आतंकवादी, 171 अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी गिरफ्तार किए गए। पिछले आठ सालों में 20,221 इनामी बदमाश गिरफ्तार किए गए जबकि 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। वहीं 930 के खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई हुई। मुठभेड़ में 20 हज़ार से अधिक इनामी अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा।

### खास बातें

- 20 हज़ार से अधिक इनामी अपराधी सलाखों के पीछे
- ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 51 दोषियों को मृत्युदंड की सजा

### 142 अरब से अधिक संपति जब्त



अपराध के बल पर अकूत संपति बनाने वाले अपराधियों पर भी पुलिस के सख्त एक्शन लिया। गैंगस्टर एक्ट के तहत 142 अरब से अधिक की संपति को जब्त किया गया। इतना ही नहीं योगी सरकार के आठ साल में अपराधियों को सजा दिलवाने में भी अभूतपूर्व काम किया गया। जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 51 दोषियों को मृत्युदंड की सजा मिली। 6,287 दोषियों को उम्रकैद, 1,091 को 20 वर्ष से अधिक की सजा दिलाई गई।

### 66 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर से अवैध कब्जे को हटाया

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि योगी सरकार द्वारा गठित एंटी भू माफिया टास्क फोर्स ने 66 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। एटीएस ने इस दौरान 130 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। डीजीपी ने दावा किया कि पिछले आठ सालों में प्रदेश को भयमुक्त बनाने में सफलता हासिल हुई है।

### महाकुंभ भगदड़ मामले में हाईकोर्ट से योगी सरकार को राहत

## बेंच ने मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की जांच वाली याचिका खारिज की

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ से जुड़े मामले में यूपी की योगी सरकार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। भगदड़ और गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराए जाने की जनहित याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका को औचित्यहीन माना है। चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की डिवीजन बेंच ने सोमवार, 17 मार्च को फैसला सुनाया हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद मंगलवार 11 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। महाकुंभ की भगदड़ के साथ ही व्यवस्थाओं में गड़बड़ियों और कमियों की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गई थी। जनहित याचिका सोशल एक्टिविस्ट केशर सिंह, योगेंद्र कुमार पांडेय व कमलेश सिंह की ओर से दाखिल की गई थी।

### बसपा सुप्रीमो मायावती बोलीं

## जो बहुजन के हित में काम करेगा वही आगे बढ़ेगा, आड़े नहीं आएंगे हमारे रिश्ते-नाते

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



लखनऊ में बसपा सुप्रीमो मायावती ने मीडिया से चर्चा के दौरान सामाजिक परिवर्तन और जातिवादी मानसिकता से हटकर बहुजन समाज को सम्मान दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आजकल जनहित के मुद्दों पर कम अपने-अपने स्वार्थ की राजनीति पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। यह चिंताजनक है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि होली और रमजान पर्व के बीच देशभर में कार्यकर्ताओं ने कांशीराम की जयंती बनाई। इससे न सिर्फ हमें बल मिला बल्कि कांशीराम के विचार लोगों तक पहुंचे। कहा कि यूपी हमारे नेतृत्व में बनी सरकार ने वास्तव में सामाजिक परिवर्तन किया। मायावती ने कहा कि हमारी सरकार बनने से पहले बहुजन समाज के लोगों को सामान्य लोगों के बराबर कुर्सी या चारपाई पर बैठने का अधिकार नहीं था।

### हमने किया असली सामाजिक परिवर्तन


कहा कि 2007 में यूपी में हमारे नेतृत्व में बनी बसपा सरकार ने बहुजन को यह अधिकार दिलाया। इसके बाद बहुजन समाज के लोगों को सभी के बराबर कुर्सी और चारपाई पर बैठने को मिला। यही असल में सामाजिक परिवर्तन था।

### जातिवादी दलों के मंसूबों को सफल न होने देंगे

मायावती ने कहा कि विपक्षी पार्टियां बहुजन समाज की एकमात्र पार्टी बसपा को कमजोर करने में लगी हैं। जातिवादी मानसिकता वाली पार्टियां डॉ आंबेडकर के विचारों को भी समाप्त करने की पुरजोर कोशिश की थी। लेकिन, बाबा साहेब और फिर कांशीराम ने ऐसे लोगों को उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। अब हम भी बहुजन समाज के हित में ऐसी जातिवादी पार्टियों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे।

### 6 अप्रैल को मनाया जाएगा श्रीराम जन्मोत्सव

**अयोध्या।** यहां श्रीराम जन्मोत्सव मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। राम मंदिर ट्रस्ट ने सोमवार को श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि श्री राम नवमी का उत्सव चैत्र शुक्ल नवमी, विक्रमी संवत 2081 यानी 6 अप्रैल, 2025 को बहुत ही धूम धाम से मनाया जाएगा।



हरिभूमि
# सहेली

नई दिल्ली मंगलवार
18 मार्च 2025



स्पेशलः इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस, 20 मार्च

खुश रहना जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए खुशी बहुत जरूरी है। खुश इंसान शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर न सिर्फ अपना जीवन संवारता है, दूसरों की भी संभाल और देखभाल कर सकता है। आपसी केयरिंग-शेयरिंग इंसान को बहुत बड़ा संबल देती है। शायद इसीलिए इस साल इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम है- शेयरिंग इज केयरिंग। यह बात आज के दौर में तब और ज्यादा मायने रखती है, जब समाज-परिवार में आपसी संवाद और अपनेपन के भाव कम होते जा रहे हैं।

## संभाल-साझेदारी के भाव देते हैं खुशियां

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

खुश रहना खुद के प्रति भी एक जिम्मेदारी है। खुश रहकर ही खुशहाल परिवेश बनाया जा सकता है। खुशमिजाज अभिभावक ही नई पीढ़ी को खुशियों की विरासत दे सकते हैं। खुश रहने से सेहत अच्छी रहती है। स्वस्थ इंसान ही अपने से जुड़े लोगों की केयर कर सकता है। खुशियां अपने साथ हर तरह की सुखदायी सौगात लेकर आती हैं। यही वजह है कि थोड़ा ठहर कर मन को समझने की जरूरत होती है। भावनाओं की दिशा को आंकने की दरकार होती है। नाखुशी के कारण जानने की कोशिश आवश्यक है। इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस ऐसी ही बातें याद दिलाती है।

### जरूरी हैं संभाल-साझेदारी के भाव

साल 2025 में इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम 'शेयरिंग इज केयरिंग' है। यानी संभाल-देखभाल और साझेदारी के इमोशंस से जुड़ी है। यह सब्जेक्ट मेंटल हेल्थ से लेकर रिश्तों और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी संबोधित करता है। साझेदारी और संभाल दोनों ही बातें व्यक्तिगत ही नहीं, पूरे समाज की खुशहाली से जुड़े भाव हैं। इतना ही नहीं, शेयरिंग और केयरिंग का भाव एक-दूजे से भी गहराई से जुड़ा है। मन जीवन से जुड़ी बातों और हालातों को साझा करने से संभाल देखभाल की राह निकलती है।

### खुशियों की साझी बुनियाद

दिल की बात कहना, समझाइश देना, समय निकालना या कोई काम की चीज देकर सहयोग करना शेयरिंग है। इसी की बुनियाद पर केयरिंग सोच के इमोशन भी टिके हैं। अपने दिल के भाव साझा करना विश्वास और सम्मान से जुड़ा है। वहीं किसी को समझने-जानने के लिए समय निकालने का भाव केयरिंग है। यह खुशियां पाने की साझी बुनियाद है। शेयरिंग और केयरिंग से जुड़े इमोशंस बहुत पॉजिटिव होते हैं। भरोसे की नींव मजबूत करते हैं। दो इंसानों में ही नहीं, पूरे समाज में सहयोग की भावना बढ़ाते हैं। एक-दूसरे की परवाह करने की सोच को बल देते हुए हर परिस्थिति को सहज बनाए रखने वाले इमोशंस हैं।







समझना मुश्किल नहीं, इन बातों से हर इंसान को खुशी ही मिलती है। ऐसे हालातों में सभी के लिए सहजता से खुशियों को जीने की राह निकलती है।

### केयरिंग कल्चर की जरूरत

मौजूदा दौर में सचमुच केयरिंग कल्चर को अपनाने की आवश्यकता है। किसी घर में बच्चे अकेले समय बिता रहे हैं तो कहीं बुजुर्गों को सेवा-सुश्रूषा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एक दूजे की केयर करने और साथ देने का भाव हर किसी को खुशी ही देगा। यों भी सुख-दुख साझा करने से ही खुशियां पाई जा सकती हैं। देखभाल की इस संस्कृति को विस्तार देने का पहला पड़ाव शेयरिंग ही है। आपसी संवाद से अपनेपन का भाव आता है। आपाधापी भरी जिंदगी में तो आस-पड़ोस में भी आपसी संवाद की कड़ी टूट गई है। परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे से कम ही बतियाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस अलगाव के साथ ही नाखुशी भी विस्तार पा रही है। अनहैप्पी लोगों के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। हर उम्र के लोग अकेलेपन और अवसाद के घेरे में हैं। इसीलिए मन की परेशानियां साझा करने के साथ ही केयरिंग कल्चर को बढ़ावा देना भी जरूरी है। पारस्परिक निर्भरता से बनने वाला सहयोगी परिवेश सभी की झोली में खुशियां भर देता है।

### खुशियों का स्वागत

हाल के वर्षों में दुनिया के हर समाज में ही असंतोष, चिंता, उदासी, गुस्से और अपराधबोध के इमोशंस बढ़े हैं। लोग खुश रहने और दूसरों को खुश रखने वाले सहज व्यवहार को भूल रहे हैं, जबकि वैज्ञानिक अध्ययन भी कहते हैं कि दोस्तों और परिवार का साथ देने वाले लोगों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर रहती है। यह जुड़ाव जितना गहरा होगा, इंसान उतना ही अच्छा महसूस करता है। यानी शेयरिंग और केयरिंग दूसरों को खुशी देने का ही नहीं, खुद को खुश रखने का भी रास्ता है। उदार सोच अपने मन को भी तनाव से दूर रखती है। यह भाव कॉमन खुशियों को न्योता देने वाला है, क्योंकि लोगों की खुशी पूरे समाज की खुशहाली से जुड़ी है। इसीलिए हैप्पीनेस के स्वागत के लिए किसी दोस्त की सहायता करने और इमोशनल सपोर्ट देने का भाव रखें। जरूरतमंद इंसान की मदद करने के मोर्चे पर डटें। उदासी से जूझते किसी इंसान के साथी बनें। जितना संभव हो उचित सलाह देने का प्रयास करें। आम-सा लगने वाला यह मेल-जोल हर किसी को खुशी ही देता है।

## अपनी मम्मी के साथ टीनएज गर्ल्स क्यों करती हैं मिसबिहेव

बिहेवियर

नीलम अरोड़ा



एक समय था सविता और उसकी टीनएज बेटी प्रियंका के बीच आए दिन तकरार होती थी। स्कूल की क्लास बंक करना, ट्यूशन की क्लास बंक करना, जिनके साथ सविता मना करती थी, उनके साथ इधर-उधर घूमना, कमरा बंद करके अपनी फ्रेंड्स के साथ घंटों बातचीत में लगे रहना, इन आदतों से सविता अकसर उसे डांटती रहती थी। बीच-बीच में सविता और उसकी बेटी के साथ रिश्ते काफी खराब हो गए थे। आज सविता की बेटी पचीस साल की एक समझदार, सुलझी हुई और अपने करियर के प्रति बहुत सीरियस युवती है। आज सविता को समझ में आ चुका है कि अकसर बेटियां और मांएं क्यों एक लंबा समय तनाव के बीच गुजारती हैं।

**मां-बेटी के बीच क्यों रहता है तनावः** टीनएज में जहां बेटियां हार्मोनल परिवर्तन का सामना कर रही होती हैं, वहीं मांएं भी बेटियों के मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर कटाक्ष और मिसबिहेव से खीजती हैं। मांएं अपनी बेटियों पर कंट्रोल करना चाहती हैं, लेकिन बेटियां उनको सुनने को तैयार नहीं होतीं। बेटी की अनमैच्योरिटी और उसमें समझ की कमी मांओं को और ज्यादा तनावग्रस्त करती है। एक-दूसरे के प्रति शिकवा-शिकायतें, गलतफहमियां रहती हैं। नतीजा यह होता है कि दोनों के बीच लंबे समय तक बातचीत बंद हो जाती है। कई बार तो किशोर बेटी मां से बहुत दूर होती जाती है। सविता की तरह बहुत-सी मांएं अपनी टीनएजर बेटी के मिसबिहेव को सहती हैं, तनाव में रहती हैं।



**क्या करें टीनएजर के पैरेंट्सः** टीनएज में लड़कियों के मूड या व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखता है। ऐसे में मांओं को समझदारी के साथ गहराई से सोचना चाहिए कि बेटी छोटी-छोटी बातों पर क्यों गुस्सा हो जाती है? दरअसल, टीनएज में जब बच्चे अपने अलग व्यक्तित्व और पहचान को प्रकट करना चाहते हैं तो पैरेंट्स की नसीहतें उन्हें अपनी आजादी में खलल लगती है, जिसकी वजह से मां-बेटी के रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। ऐसे में मां को ही समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर टीनएज बेटी के ड्रेसिंग या अन्य एक्टीविटीज के बारे में मां को कोई परेशानी या आपत्ति है तो बेटी को अपने बारे में कुछ डिसीजन लेने की छूट दें, लेकिन कुछ सीमाओं के साथ।

**पीयर प्रेशर का सामनाः** आजकल के टीनएज बच्चे पीयर प्रेशर, समाज में अपनी स्थिति, एजुकेशन, करियर और अन्य दूसरी चीजों के कारण तनाव और दबाव पहले की तुलना में ज्यादा महसूस करते हैं। इस तरह की बातें टीनएज लड़कियों को चिड़चिड़ी और तनावग्रस्त बनाती हैं। इन सबका गुस्सा अकसर टीनएज बेटियां अपने मम्मी-पापा पर उतारती हैं, वे अपनी मम्मी से चिढ़ने लगती हैं। पैरेंट्स के रूप में मांओं को उन पर पड़ने वाले दबावों के प्रति सजग रहते हुए उनकी मानसिक स्थिति को समझना चाहिए। क्योंकि कभी-कभी दुख और अवसाद के क्षणों में हमें भी ऐसे महसूस होता है कि कोई तो हमारी सुने, तो फिर अपनी बेटी की शिकायत हमें क्यों परेशान करने वाली लगती है? चीजों को देखने का नजरिया उसका भले ही मैच्यौर न हो, लेकिन उसकी भावनाएं तो मायने रखती हैं। 'तुम इतना परेशान क्यों हो' कहने की बजाय 'हां, मैं समझ सकती हूं, तुम परेशान हो, मैं तुम्हारी क्या हेल्प कर सकती हूं?' कहकर आप उसका मन हल्का कर सकती हैं।

**बेटी के साथ रखें अच्छा कम्युनिकेशनः** बेटी के साथ कम्युनिकेशन का रास्ता हमेशा खुला रखें। टीनएज बेटी के साथ ज्यादा सख्त व्यवहार स्थिति को और नाजुक बना सकता है। इस बात को मांएं याद रखें, उनकी बेटी तो बड़ी हो रही है लेकिन वे स्वयं बड़ी हैं।

इंटीरियर

रेखा

वैसे तो घर में फ्लोरिंग कराने के कई ऑप्शंस अवेलेबल हैं। लेकिन अगर आप कम बजट में अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो वुडेन फ्लोरिंग अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

## वुडेन फ्लोरिंग घर को दे अट्रैक्टिव लुक



आज के समय में बहुत लोग अपने घरों में महंगे मार्बल्स की जगह लकड़ी से बनी फर्श बनवाना पसंद करते हैं। इसे वुडेन फ्लोरिंग कहा जाता है। इससे घर का इंटीरियर लुक ही बदल जाता है। यही वजह है कि इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा चलन में हैं।

**ट्रेंड में है वुडेन फ्लोरिंग :** इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा ट्रेंड में है। ज्यादातर लोग इसे पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि वुडेन फ्लोरिंग अपनी इंसुलेटिंग क्षमता के कारण लंबे समय तक खराब नहीं होती। इसे केवल 3-4 घंटों में ही रेडी किया या जा सकता है, क्योंकि तख्तों को एक-दूसरे के साथ एक विशेष बॉन्डिंग के साथ जोड़ते हुए इंटरलॉक किया जाता है। इसे लगाना आसान है। इसे लगाने पर लॉक करने के लिए 'टंग एंड ग्रूव' तकनीक या किसी चिपकाने वाले पदार्थ अथवा कीलों का प्रयोग करते हैं। बाजार में डिफरेंट पैटर्न और लुक में आपको वुडेन फ्लोरिंग के ऑप्शंस मिल जाएंगे।



**डिजाइनर नक्काशीः** इसे कवर्ड पैटर्न भी कहते हैं। इस पैटर्न में लकड़ी पर डिजाइनर नक्काशी की जाती है। यह एक बेहद खूबसूरत कला है। डिजाइनर नक्काशी वाली वुडेन फ्लोरिंग की कलर और अपीयरेंस, सूरज की रोशनी में और चमक उठता है।

**बॉक्स डिजाइंड पैटर्नः** इसे परक्यूट पैटर्न भी कहते हैं। फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके रूम को बिल्कुल नया और वार्म लुक देता है। बॉक्स डिजाइंड का यह पैटर्न चेस बोर्ड की तरह लाइट और ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन में आता है, जिससे रूम को बहुत डिफरेंट और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

**हीरिंगबोन पैटर्नः** यह पैटर्न जिग-जैग डिजाइन में मिलता है। यह पैटर्न घर को रैंडम लुक देता है। वुडेन का क्रीमिश कलर मैचिंग दीवारों के साथ खूब फबता है।

**बॉर्डर पैटर्नः** वुडेन फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके फ्लोर के बॉर्डर को आउटलाइन करता है। इससे कमरे को फॉर्मल लुक मिलता है। अगर आप बिना डिजाइन की फ्लोरिंग चाहती हैं, तो इस वुडेन पैटर्न को चूज कर सकती हैं।

**जब संभव न हो रियल वुड फ्लोरिंगः** अगर आपको लगता है कि रियल वुडेन फ्लोरिंग आपके बजट में नहीं है, तो इस बात को लेकर अफसोस करने की जरूरत नहीं है कि आप अपने घर को खूबसूरत लुक नहीं दे पाएंगी। आधुनिक तकनीक की वजह से आज बाजार में ऐसी फ्लोरिंग उपलब्ध हैं, जो वुडेन न होने के बावजूद उस जैसी ही लगती हैं। इसे लगाकर आप कम खर्च में हार्डवुड जैसा एलिगेंट लुक डेकोर में ला सकती हैं। ये डिजाइन विनायल प्लैंक फ्लोरिंग यानी पॉली विनायल क्लोराइड (पीवीसी) से बनी होती है। यह एक बहुत ऊंची क्वालिटी का प्लास्टिक होता है, जिसके पीछे चिपकाने वाला पदार्थ लगाकर फ्लोर पर चिपका दिया जाता है। देखने में बिल्कुल हार्डवुड जैसी लगने वाली यह वूडेन फ्लोरिंग, वाटरप्रूफ भी होती है और इस पर दीमक भी नहीं लगती है।

**• वुडेन फ्लोरिंग की ऐसे करें केयर**

वुडेन फ्लोरिंग पर जमी धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए सूखे कपड़े से ही पोंछें। हर 5-6 साल के अंतराल पर फर्श को पॉलिश जरूर कराएं। अगर कमरे की फर्श पर धूप आती है, तो वहां परदे का इस्तेमाल करें, क्योंकि धूप से लकड़ी का रंग फीका पड़ सकता है। फर्श पर पानी इकट्ठा न रहने दें, क्योंकि इससे लकड़ी खराब हो सकती है।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## बालों की समस्याएं दूर करने में कारगर है नीबू



बढ़ते पॉल्यूशन और केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने की वजह से बहुत सी महिलाएं कम उम्र में ही बाल सफेद होने की समस्या का सामना करने लगती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए यूज किए जाने वाले कई हेयर केयर प्रोडक्ट्स की वजह से बालों में अन्य प्रॉब्लम्स जैसे-डेंड्रफ, रूखे-कमजोर बाल, बालों का झड़ना, शुरू हो सकती हैं। इन सभी प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप नीबू का अलग-अलग तरह से यूज कर सकती हैं।

**नीबू का रस-कैस्टर ऑयलः** बाउल में एक चम्मच कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल) में तीन से चार बूंदें नीबू का रस मिलाकर उसे हल्का गुनगुना कर लें। इस मिश्रण से स्कैल्प पर अच्छे से मसाज करें फिर इसे आधे घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो-तीन बार लगाने से बेहतर परिणाम मिलेगा।



**नीबू रस-नारियल तेलः** किसी बाउल में एक बड़ा चम्मच नीबू का रस लें, उसमें एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प में अच्छे से लगाएं। फिर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। जरूरत पड़ने पर कंडीशनर लगाएं। आप हफ्ते में सिर्फ एक बार ही इसे अप्लाई करें। इससे असमय बाल सफेद होना रुकेगा।

**नीबू रस-मेथी हेयर पैकः** अगर आप डेंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं तो नीबू के रस में मेथी दानों का पेस्ट बनाकर हेयर पैक बना लें। इस हेयर पैक को स्कैल्प पर लगा कर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। बाद में ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों को पोषण मिलेगा और डेंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा।

**नीबू का शैंपूः** नीबू का शैंपू बनाने के लिए मेहंदी पावडर में एक अंडा मिलाएं। उसमें एक कप गर्म पानी, आधा नीबू का रस मिलाएं। जब गाढ़ा पेस्ट बन जाए तो अपनी हथेली में इस शैंपू की कुछ बूंदें लेकर गीले बालों पर धीरे से मालिश करें। जब झाग बन जाए तो साफ पानी से धो डालें।

**एवोकाडो-नीबू शैंपूः** इसे बनाने के लिए एक एवोकाडो, 4 कप कैमोमाइल चाय, 1/4 कप ताजा नीबू का रस लें। एवोकाडो का गूदा, कैमोमाइल चाय, नीबू का रस अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इस मिश्रण को गीले बालों में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 15 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।

डाइट एडवाइस

अंजू जैन

अच्छी सेहत बहुत हद तक पौष्टिक खान-पान की आदत और सही जीवनशैली पर निर्भर करती है। अगर हम खान-पान की सही आदतें और बेसिक रूल्स अपना लें, तो हेल्दी रह सकती हैं। कुछ यूजफुल डाइट रूल्स के बारे में जानिए।

## फॉलो करें डाइट रूल्स आप रहेंगी हेल्दी

हम सभी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन करना चाहते हैं। इससे पेट भरता है, मन को संतुष्टि मिलती है। लेकिन भोजन केवल स्वाद के लिए नहीं शारीरिक-मानसिक सेहत को ध्यान में रखकर करना चाहिए। इसके लिए भोजन करने के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है।

**वैरायटी शामिल करेंः** न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि भोजन में रंग-बिरंगी सब्जियां, हेल्दी ऑयल, मेवे, दूध, फल आदि शामिल करने चाहिए। जापान में डाइट हैबिट पर किए गए शोध के नतीजे बताते हैं कि भोजन में वैरायटीज शामिल करने से आपको तरह-तरह के विटामिन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। आपको अपनी डेली डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज खाती हैं तो इसे सीमित मात्रा में ही खाएं। वेज फूड्स को प्रेफरेंस दें।

**ओवर ईटिंग से बचेंः** अच्छी हेल्थ के लिए ओवर ईटिंग से बचना जरूरी है। जो भी खाएं, भूख से 10-15 फीसदी कम मात्रा में खाएं। स्वाद के कारण या दूसरों के दबाव में अगर आपने दिन में एक टाइम अधिक भोजन कर लिया है तो अगला भोजन हल्का लें।



कहने का अर्थ है कि अगर आपने किसी पार्टी में लंच अधिक कर लिया है या मीठा और ऑयली फूड अधिक खा लिया है तो डिनर में कम भोजन लें। अगर आप केवल सलाद खाएं तो यह सबसे बेहतर रहेगा। अगर आपने डिनर में हैवी खाना खाया है तो अगली सुबह जूस या सलाद लेना सही रहेगा।

**रुचि लेकर करें भोजनः** कई लोग भोजन करते वक्त फोन पर बातें करते हैं, व्हाट्सएप या फेसबुक चलाते हैं, न्यूज पेपर, मैगजीन पढ़ते हैं या फिर टीवी देखते हैं। कुछ लोग बहुत हड़बड़ी में भोजन करते हैं और इसे एक काम समझ कर निपटा देते हैं। इसी प्रकार कुछ लोग भोजन को सिर्फ पेट भरने का जरिया मानकर कुछ भी खा या पी लेते हैं या फिर बाजार से मंगवा कर जंक फूड खा लेते हैं। ऐसी सभी आदतें सेहत के लिए सही नहीं होती हैं। भोजन को रुचि के साथ पकाना और खाना चाहिए। तरह-तरह के स्वाद वाला पौष्टिक भोजन करना स्वास्थ्यवर्धक होता है। भोजन बनाने में अच्छी क्वालिटी वाली ताजी सब्जियां, मसाले, आटा, चावल आदि का इस्तेमाल करें। भोजन रुचिकर होने के साथ हाइजीनिक भी होना चाहिए। इसी प्रकार भोजन करते वक्त हर कौर का आनंद लें, चबाकर, पूरा स्वाद लेते हुए धैर्यपूर्वक भोजन करें ताकि उसका सही ढंग से पाचन हो और भोजन तन को लगे।



**स्वाद को न दें अधिक महत्वः** तेज मसालों और ज्यादा तेल में फ्राई किया हुआ चटपटा भोजन देखने और खाने में भले ही स्वादिष्ट और सुंदर लगता हो लेकिन यह सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है। हर रोज रेस्तरां में जाकर या डिब्बाबंद भोजन खाने की आदत न डालें बल्कि हल्का और आसानी से डाइजेस्ट होने वाला भोजन करें। दिखने में आकर्षक भोजन की बजाए सेहत के लिए फायदेमंद भोजन को इंपॉर्टेंस दें।

**स्प्राउटेड-फर्मेंटेड फूड लेंः** दही, ढोकला, इडली जैसे फर्मेंटेड फूड पेट की सेहत और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें पोषक तत्व भी होते हैं। इसी प्रकार अंकुरित अनाज फाइबर, विटामिन और मिनरल्स के अच्छे सोर्स होते हैं। इनका नियमित सेवन बेहद जरूरी है।

**(डायटिशियन संगीता मिश्रा से बातचीत पर आधारित)**

### मुख्यमंत्री ने भिंड स्थित अतिशय क्षेत्र बरासो में सुमेरु पर्वत निर्माण का किया शिलान्यास

# जनसामान्य की मूलभूत जरूरतों के साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध

## सीएम डॉ. यादव कार्यक्रम में भोपाल से वर्चुअली हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी काम कर रही है। विश्व में भारत की पहचान हमारे आध्यात्मिक विचारों तथा जियो और जीने दो के सिद्धांत को व्यवहार में क्रियान्वित करने से निर्मित हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भिंड में स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरु पर्वत निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को राजकीय विमानतल भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बरासो में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की ख्याति सबको जीने का हक देने वाले देश के रूप में रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में, जीवन के सभी क्षेत्रों में गौरव अर्जित कर रहा है। भारतीय ज्ञान परम्परा के आध्यात्मिक तेज के साथ-साथ विश्व में देश की साख और धाक बढ़ रही है।



**दुग्ध उत्पादन पर गो-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गो-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश में दूध उत्पादन के साथ-साथ दूध के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन पर गो-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। गो-शालाओं को दिए जा रहे अनुदान को भी बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मप्र का स्थान भारत में तीसरा है, हमारा प्रयास प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने का है। दूध पर 5 रुपए प्रति लीटर बोनस की व्यवस्था की जाएगी, इससे कृषकों की आय बढ़ेगी और समाज सम्पन्न होगा।

### 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के गठन की चल रही कार्रवाई, मप्र को आर्थिक विकास केंद्र के रूप में स्थापित करने में मिलेगी मदद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेशकों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य में 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (महानगर) की कार्रवाई नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से की जा रही है। पहला मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र इंदौर-उज्जैन-देवास और धार जबकि दूसरा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भोपाल-



सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर विकसित करने की कार्रवाई चल रही है। इनके गठन से मप्र को एक आर्थिक विकास केन्द्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।मप्र की नगरीय क्षेत्र की भूमि बहुमूल्य संसाधन है, जिसका सुव्यवस्थित उपयोग शहरी विकास के लिए अति आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए टीडीआर (ट्रांसफर ऑफ डेवलपमेंट राइट्स) नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए टीडीआर पोर्टल तैयार किया गया है।

### कीटनाशक का आवश्यकता के अनुसार ही करें इस्तेमालः मंत्री कंसाना

# ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक व नीदानाशक का कम से कम करें उपयोग

*ग्रीष्मकालीन मूंग में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का उपयोग हानिकारक*

*प्रदेश में 14.39 लाख हेक्टेयर में उगाई जा रही है ग्रीष्मकालीन मूंग फसल*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक एवं नीदानाशक का उपयोग कम से कम करें। मूंग फसल में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण पर सामने आया है। ऐसे में वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों की ओर से कई तरह की बीमारियां जन्म लेने की आशंका व्यक्त की गई हैं।



किसान मूंग फसल की पैदावार के लिए ऐसा चक्र अपनाएं, जिससे ग्रीष्मकालीन मूंग प्राकृतिक रूप से अपने समय पर पक सके। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग पर कहा कि यद्यपि मूंग की पैदावार से प्रदेश में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। किसान इसे जल्दी पकाने के लिए कई बार नीदानाशक दवा (पेराक्वाट डायक्लोराइड) का छिड़काव करते हैं। इस दवा के अंश मूंग फसल में कई दिनों तक विद्यमान रहते हैं, जो मानव स्वास्थ्य एवं पशु-पक्षियों के लिए अत्यंत हानिकारक हैं।

**किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा**

मंत्री कंषाना ने बताया कि कृषि एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पर्यावरणविद् और कृषि सुधार के क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों ने अनुसंधान रिपोर्ट के आधार पर मूंग फसल में आवश्यकतानुसार ही कीटनाशकों के उपयोग का सुझाव दिया है। राज्य सरकार जैविक खेती को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है एवं किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## लाल आतंक को पहुंचा जोरदार झटका बड़ी संख्या में नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

एक बार फिर लाल आतंक को बड़ा झटका लगा है। 16 लाख के इनामी नक्सली दंपति और 29 लाख के इनामी नक्सली सहित 19 नक्सलियों ने नक्सलपंथ से तौबा करते हुए आतंक के रास्ते को छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से 8-8 लाख के इनामी पति-पत्नी समेत 29 लाख के 10 इनामी सहित 19 नक्सली शामिल हैं। इसी के साथ इस वर्ष अब तक 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटे है। वहीं 137 नक्सली गिरफ्तार किये गए हैं जबकि 56 नक्सली मुठभेड़ में मारे गये हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 8 लाख के इनामी देवा पदम और आठ लाख की इनामी दुले कलमु ये दोनों पति-पत्नी हैं ने सरेंडर किया है। इसके साथ ही पांच लाख के इनामी एसीएम सुरेश कट्टाम, दो लाख की इनामी सोनी पुनेम, एक लाख के इनामी नारायण कट्टाम, एक लाख के इनामी अन्दा माड़वी, एक लाख के इनामी बामी कुहरामी ने सरेंडर किया है। इसके अलवा नागा कटटम, शंकर कड़ती, मुन्ना पोड़ियाम, सहला वाम, नरसिंह राम पोड़ियाम, शंकर माड़वी, लखमा ताती, पाण्डू माड़वी, जोगा सोड़ी, पिड़गा कटटम, एर्रा सोढ़ी और चिन्नाबी काका ने सरेंडर किया है।



## छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के स्टोर रूम में भीषण आग

**रायगढ़।** गर्मी में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित कोतरा रोड में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के स्टोर रूम में सोमवार की सुबह सात बजे आग लग गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इतनी भीषण आग लगी थी कि इसका धुआं कई किलोमीटर दूर से देखा गया। आग की लपटें फैलते चली गईं और कोतरा रोड के तीन से ज्यादा कालोनियों में रहने वाले रहवासी अपना-अपना मकान छोड़कर जान बचाकर भागे। सुबह में कोतरा रोड विद्युत मंडल के स्टोर रूम में रखे ट्रांसफार्मर के तार में अचानक आग लगने के बाद धुआं इतना तेजी से फैला कि लोगों का दम घुटने लगा। इस आग लगने की जानकारी पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने नगर निगम की फायर ब्रिगेड सहित अन्य फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाने की सहायता मांगी। 12 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की टीम ने 5 से अधिक घंटों के बाद इस आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि ईग से 20 से 25 लाख का नुकसान हुआ है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **हितेश कुमार पुत्रः स्व. प्रकाश कुन्दरा, पताः** 12 / 189, तीसरी मंजिल, गीता कॉलोनी, दिल्ली, **FIR No. 588/2023, U/s 420/34 IPC,** दिनांक 08 / 10 / 2023, थानाः गीता कॉलोनी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हितेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हितेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 588/2023, U/s 420/34 IPC,** थानाः गीता कॉलोनी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **हितेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्रीमती नेहा गर्ग**
**महानगर दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—02 (पूर्व)**
**कमरा नं. 15, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3274/SHD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्तों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **1. अन्नू वर्मा** और **2. एंजल वर्मा** दोनों पुत्री प्रेम नाथ, निवासी मकान नं. यू–319, मंगोलपुरी, दिल्ली और प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 799 / 2016 धारा 498ए / 406 / 34 भा.द.स., थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अन्नू वर्मा** और **2. एंजल वर्मा** मिल नहीं रही हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अन्नू वर्मा** और **2. एंजल वर्मा** फरार हो गई हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 799 / 2016 धारा 498ए / 406 / 34 भा.द.स., थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. अन्नू वर्मा** और **2. एंजल वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.04.2025** को हाजिर हों।

**आदेशानुसारः सुश्री ऐश्वर्या शर्मा,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—01, (उत्तर पश्चिम)**
**कोर्ट संख्या 106, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/3314/OD/2025



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

# होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली पर्व के उपरांत रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:—

**दिनांक 18.03.2025 (मंगलवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 07708 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जं., रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामागुंडम एवं काजीपेट जं. स्टेशन |

**दिनांक 19.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुल्तानगंज स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |

**दिनांक 20.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |

**दिनांक 21.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |

**दिनांक 22.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# विदेशों में भारत विरोधी गतिविधियां अस्वीकार्य

अमेरिका व यूरोप समेत विदेशी मुल्कों से भारत विरोधी गतिविधियों और भारत के खिलाफ आतंकवाद को लेकर नई दिल्ली काफी मुखर है। पिछले दो तीन वर्ष में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया में भारत विरोधी गुटों की गतिविधियां सामने आई हैं। भारत द्विपक्षीय वार्ता में संबंधित मुल्कों को अपनी चिंता से अवगत कराता रहा है और ऐसे गुटों, संगठनों व लोगों पर कार्रवाई की मांग करता रहा है। खलिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी के चलते ही कनाडा के भारत से संबंध में कड़वाहट आई। भारत की यात्रा पर आए न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लुक्शन के साथ बातचीत में पीएम नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड में भारत विरोधी गतिविधियों पर नई दिल्ली की चिंता जाहिर की है। भारत और न्यूजीलैंड ने अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड के सामने भी खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध लगाने और इसकी भारत-विरोधी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यूएस डीएनआई तुलसी गबार्ड से एसएफजे की गतिविधियों पर अमेरिका से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। भारत ने यूएस से कहा है कि 'सिख फॉर जस्टिस' अमेरिकी धरती से भारत के खिलाफ उकसावे वाली और हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है, जो दोनों देशों के संबंधों के लिए भी खतरा बन सकता है। भारत ने एसएफजे को 2019 से ही गैरकानूनी घोषित कर रखा है। सिख फॉर जस्टिस को भारत सरकार खालिस्तानी अलगाववादी समूह मानती है। इसकी स्थापना 2007 में अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू ने की थी। संगठन का मुख्य लक्ष्य पंजाब को भारत से अलग कर एक स्वतंत्र खालिस्तान राष्ट्र की स्थापना करना है। तुलसी गेबार्ड ने पीएम मोदी से भी मुलाकात की है, जिसमें भी उन्हें खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति भारत की चिंता से अवगत कराया है। भारत नई दिल्ली के खिलाफ आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों को खत्म करने के प्रति प्रतिबद्ध है और विदेशी धरती पर ऐसे किसी भी कुकृत्य को हल्के में नहीं ले रहा है। चाहे यूरोप हो, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, या फिर पाकिस्तान हो, किसी भी जगह नई दिल्ली विरोधी गतिविधियों को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। हालांकि अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गेबार्ड ने भारत में पाक समर्थित हमले को इस्लामी आतंक कहा है और इससे दुनिया को खतरा होने की बात कही है, उन्होंने प्रेसिडेंट ट्रंप के इस्लामी आतंकवाद से लड़ने के वादे की बात भी दोहाई है, लेकिन व्यवहार में अमेरिका का आचरण खालिस्तानी आतंकवादियों को लेकर भारतीय रुख से मेल नहीं खाता है। भारत की चिंता को एड्रेस करने के लिए अमेरिका को बहुत कुछ करना होगा। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक साथ अमेरिका और चीन से संतुलित कूटनीति को आगे बढ़ाया है। आने वाले वक्त में इन दोनों महाशक्तियों के साथ भारत किस तरह संतुलन साधते हुए आगे बढ़ेगा, इसकी रूपरेखा स्पष्ट कर दी है। पीएम ने ट्रंप की तारीफ की और चीन के साथ सकारात्मक संबंध की वकालत की। भारत की इस संतुलित कूटनीति से अपने खिलाफ चल रहे आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों के खात्मे में मदद मिलेगी। विदेशी सरकारें अगर उनके यहां चल रहे भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर चुप रहेंगी या अनदेखी करेंगी तो भारत न चुप रहेगा न शांत बैठेगा।



**पोडकास्ट विश्लेषण**
अवधेश कुमार

# संघ की समावेशी सोच से रूबरू विश्व

राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। अभी भी आप संघ के बारे में दुराग्रह, वैचारिक विरोध या घृणा के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ के मजदूर संघों ने नारा दिया, 'मजदूरों दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के शीर्ष पर बैठे किसी व्यक्ति या प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर इतने विस्तार से बातचीत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे के अपने लंबे पॉडकास्ट में अनेक विषयों बातचीत की जिनमें संघ भी एक महत्वपूर्ण विषय था। अगर साक्षात्कार लेने वाला दुराग्रह या पूर्वाग्रह न पाले तो सकारात्मक दृष्टि से उसके साथ बातचीत संभव है और इससे सही परिप्रेक्ष्य लोगों के समक्ष आता है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री ने तीसरी बार संघ पर अपना मत प्रकट किया है और सबमें सुसंगति है , स्वर एक ही है। पिछले 21 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 98 अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा था कि वेद से विवेकानंद तक भारत की महान परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक संस्कार यज्ञ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से चला रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। उसके पहले 12 अक्टूबर, 2024 को संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत के एक वीडियो का लिंक साझा करते हुए उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि राष्ट्र सेवा में समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस आज अपने 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अविरल यात्रा के इस ऐतिहासिक प्रभाव पर समस्त स्वयंसेवकों को मेरी हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनायें। मां भारती के लिए यह संकल्प और समर्पण देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही विकसित भारत को साकार करने में भी ऊर्जा भरने वाला है। फ्रिडमैन के साथ उन्होंने संघ की विचारधारा ,उत्पत्ति, संगठन की कला और उससे जुड़े संगठनों के विराट स्वरूप पर विस्तार से बातचीत की है।

राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। देखने वालों की दृष्टि है किंतु संघ के स्वयंसेवक और संगठन परिवार के कार्यकर्ता इसे संपूर्ण जीवन लगा देने वाले एक वरिष्ठ स्वयंसेवक के सही मंतव्य के रूप में ही लेंगे। वास्तव में जिन्हें संघ समझना हो वे इसे उस रूप में लेंगे तो समस्या नहीं आएगी। अभी भी आप संघ के बारे में प्रत्यक्ष साकार से परे दुराग्रह, वैचारिक विरोध य घृणा के कारण लिखने - बोलने के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री के पूरे वक्तव्य का मूल समझना हो तो उनकी इस पंक्ति को आधार बनाना होगा कि आरएसएस आपके जीवन में एक स्पष्ट दिशा प्रदान करता है जिसे वास्तव में जीवन का उद्देश्य कहा जा सकता है। दूसरी बात, राष्ट्र सब कुछ है और लोगों की सेवा करना भगवान की सेवा के समान है यह वैदिक युग से कहा गया, हमारे ऋषि मुनियों ने जो कहा, विवेकानंद जी ने जो कहा, उसका संघ प्रतिनिधित्व करता है। आरएसएस पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले उनके इस बात से शत- प्रतिशत सहमत होंगे। संघ को संघ की दृष्टि से समझने की कोशिश करने वाले प्रधानमंत्री की बात से सहमत होंगे कि संघ को समझना इतना आसान



नहीं है। इसके काम की प्रकृति को वास्तव में समझने के लिए प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने अपने बारे में स्पष्ट किया कि उनके जीवन में एक दिशा, राष्ट्र की सेवा और लक्ष्य को पाने की प्रेरणा, संकल्प तथा काम करने की अंतःशक्ति केवल संघ के स्वयंसेवक होने के कारण मिले जो बाद में अध्यात्म और संतों के कारण सशक्त होते हुए आगे बढ़ा।

वास्तव में यह आम सक्रिय स्वयंसेवकों के सामूहिक अनुभवों की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति है। संघ के स्वयंसेवकों से पूछिए कि संघ आपको क्या सिखाता है तो कहेंगे कि जिस तरह हम परिवार की चिंता करते हैं उसी तरह देश की करें। दूसरी बात यह बताएंगे कि कोई हमारा सहयोग करें न करे, साथ आए न आए उसका प्रयास करते हुए भी राष्ट्र की सेवा, आमजन की सेवा, उन्हें समुन्नत्त शिक्षित करते हुए देश को वैभव तक ले जाना है। स्वयंसेवक से जब आप राजनीति पर प्रश्न करेंगे तभी शायद कोई उत्तर मिलेगा और अनेक उत्तर भी नहीं देंगे। राजनीति हम पर इतना हावी है कि उसके बाहर हम सोचने और देखने की आसानी से कल्पना नहीं करते इसलिए यह चरित्र समझ में नहीं आता। प्रधानमंत्री मोदी ने इसलिए संघ के विविध कार्यों को भी फ्रिडमैन के माध्यम से दुनिया के समक्ष रख दिया है। अब विश्व समुदाय को महसूस होगा कि वाकई 100 वर्षों में इस संगठन ने मुख्यधारा के ध्यान से दूर रहकर अनुशासन और भक्ति के साथ स्वयं को देश सेवा, मानवता की सेवा में समर्पित किया है और इसी कारण आज विश्व में इससे बड़ा कोई संगठन नहीं और न इतने बड़े संगठन परिवार बनने की कोई सोच सकता है। उदाहरण के लिए उन्होंने संघ के अनुषांगिक संगठनों में सेवा भारती की चर्चा की जो 1 लाख 25 हजार सेवा परियोजनाएं बिना सरकारी सहायता केवल समाज की मदद से चला रहा है। यह उन झुग्गी - झोपड़ियों और बस्तियों में बच्चों को पढ़ाने, उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने, स्वच्छता के साथ अन्य प्रकार की मदद देने का काम करते हैं जहां सबसे गरीब लोग रहते हैं। दूसरे, वनवासियों के बीच संघ का बनवासी कल्याण आश्रम आज जंगलों में पूरा समय लगाकर जनजातियों की सेवा के काम करने में लगा है जो 70 हजार से ज्यादा एकल विद्यालय चलता है। उन्हें धन कैसे मिलता है तो प्रधानमंत्री के अनुसार अमेरिका के कुछ लोग 10 से 15 डॉलर दान देते हैं और उन्हें कहा जाता है कि एक कोका कोला नहीं पीयो उतना पैसा विद्यालय को दो और फिर एक महीने कोका कोला छोड़ दो और उस पैसे को एकल विद्यालय को दो। यह बाहर से समझ नहीं आएगा लेकिन जरा सोचिये कि इतनी संख्या में एकल शिक्षक इतने बच्चों को वर्षों से शिक्षित कर रहे हैं तो कितने छात्र इससे निकले होंगे और उन्हें किसी आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। इसी तरह स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति के लिए विद्या भारती की स्थापना की जिसके इस समय लगभग 25 हजार विद्यालय हैं जिनमें 30 लाख से ज्यादा छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आसानी से कल्पना की जा सकती है कि इतने वर्षों में कितने करोड़ छात्र निकले होंगे और वहां से प्राप्त समग्र शिक्षा के साथ जीवन मूल्य ,कौशल आदि से वो समाज पर बोझ न बनाकर परिवार और राष्ट्र की सेवा का समन्वय बनाते हुए काम कर रहे होंगे। जानकारों को पता है कि समाज जीवन का कोई क्षेत्र नहीं जहां संघ सक्रिय नहीं है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूर एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के मजदूर संघों का नारा दिया, 'मजदूर दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**डॉकिंग**
योगेश कुमार गोयल



# स्पैडेक्स मिशन की सफलता ने खोले अंतरिक्ष के नए द्वार

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अनडॉक कर ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में कई आगामी अंतरिक्ष मिशनों को अंजाम देने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इसरो द्वारा अनडॉकिंग प्रक्रिया के दौरान एक सटीक क्रम का पालन किया गया, जिसमें एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 उपग्रहों का अलगाव सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस प्रक्रिया में पहले एसडीएक्स-02 का विस्तार किया गया, फिर कैप्चर लीवर-3 को योजनाबद्ध तरीके से रिलीज किया गया और अंततः एसडीएक्स-02 में कैप्चर लीवर का विघटन किया गया। इन तकनीकी चरणों के बाद दोनों उपग्रहों में डिकैप्चर कमांड जारी किया गया, जिससे वे स्वतंत्र रूप से अलग हो गए। भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए यह एक बहुत बड़ी तकनीकी सफलता मानी जा रही है। अंतरिक्ष में उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को 'डॉकिंग' और अलग करने की प्रक्रिया को 'अनडॉकिंग' कहा जाता है। स्पैडेक्स मिशन में 'अनडॉकिंग' का अर्थ था अंतरिक्ष में डॉक किए जाने के बाद दो उपग्रहों, एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 को अलग करना ताकि वे स्वतंत्र रूप से काम कर सकें। दो उपग्रहों की सफल अनडॉकिंग के साथ ही भारत के लिए चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। स्पैडेक्स उपग्रहों द्वारा अंतरिक्ष में अविश्वसनीय अनडॉकिंग को सफलतापूर्वक पूरा करने की प्रक्रिया के बाद भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान सहित भविष्य के कई महत्वाकांक्षी मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे पहले भारत कई प्रयासों के बाद 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों (एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02) को सफलतापूर्वक 'डॉक' कराकर अंतरिक्ष क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। 30 दिसंबर 2024 को लांच किए गए 'स्पैडेक्स' मिशन का उद्देश्य भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए आवश्यक रेंडेजवस, डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीकों का प्रदर्शन करना था। जनवरी की शुरुआत में इस मिशन के तहत उपग्रहों को डॉकिंग से पहले 15 मीटर की दूरी से घटाकर तीन मीटर तक लाया गया था। उस सफलता के साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति मजबूत हो गई थी और वह अमेरिका, रूस तथा चीन जैसे देशों की कतार में शामिल हो गया था। 16 जनवरी 2025 को इसरो ने 'स्पैडेक्स' मिशन की शानदार सफलता के साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया था। उस मिशन के तहत इसरो ने पहली बार अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफलतापूर्वक डॉकिंग कराई थी, जिसके साथ ही भारत इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया था। इससे पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ही इस तकनीक को सफलतापूर्वक अंजाम दे पाए थे। स्पैडेक्स मिशन की सफल डॉकिंग के बाद अब अनडॉकिंग की सफलता ने न केवल इसरो की तकनीकी क्षमता को पूरी दुनिया के समक्ष साबित किया है बल्कि भारत को अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण कदम भी बढ़ाया है। इसरो के स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में दो उपग्रहों के बीच डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना था, जो भविष्य के भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मिशन के तहत दो छोटे उपग्रहों एसडीएक्स-01 (चेजर) और एसडीएक्स-02 (टारगेट) को 30 दिसंबर 2024 को पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के माध्यम से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था और दोनों उपग्रहों को 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक गोलाकार कक्षा में स्थापित किया गया था। डॉकिंग प्रक्रिया के दौरान 16 जनवरी को चेजर उपग्रह ने टारगेट उपग्रह की पहचान की, उसका संरेखण किया और सफलतापूर्वक उससे जुड़ गया। इस प्रक्रिया में उन्नत सेंसर, एल्गोरिदम और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग किया गया। डॉकिंग के बाद दोनों उपग्रहों का एकीकृत नियंत्रण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो इस तकनीक में भारत की महारत का प्रमाण था। भारत के लिए इस मिशन की सफलता बेहद महत्वपूर्ण इसीलिए है क्योंकि अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' की प्रक्रिया बेहद जटिल होती है और इसके लिए उच्च स्तरीय सटीकता की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जन्म से प्रारंभ व मृत्यु के साथ समाप्त होती है यात्रा



संकलित
**दर्शन**

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा**

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। *-कांतिलाल मांडोत*

## करंट अफेयर

# न्यूयार्क में भारतीय मूल की चार महिलाएं सम्मानित


न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मानित की गई महिलाओं में 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख अनु अयंगर, 'ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं संस्थापक अंजुला अचारिया, 'एलडीपी वेंचर्स' की सीईओ एवं संस्थापक तथा 'विमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑर्गेनाइजेशन' की संस्थापक वेंडी डायमंड और सीएनबीसी की पत्रकार एवं प्रस्तोता सीमा मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क में पिछले सप्ताह सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा इन्हें सम्मान दिया गया। एफएआई द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और इस कार्यक्रम में 'अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए इन महिलाओं को सम्मानित किया गया।'



## ऑफ बीट


# डिमेंशिया जिसका कोई इलाज अब तक नहीं

पैंसठ वर्ष की एक महिला अपनी कमजोर होती याददाश्त के लिए बार-बार इलाज कराती हैं। पहले तो उन्हें बताया गया कि इसमें चिंता की कोई बात नहीं है, फिर एक साल बाद कहा गया कि यह 'सामान्य रूप से बुढ़ापा है।' आख़िरकार, समझ में आया : 'यह अल्जाइमर है जिसका कोई इलाज नहीं है।' इस तरह के परिदृश्य बहुत आम हैं। काफी हद तक डिमेंशिया का पता नहीं चल पाता है, कनाडा जैसे उच्च आय वाले देशों में भी, जहां पता न चलने वाले मामलों की दर 60 प्रतिशत से अधिक है। मान्यता है कि बुजुर्गों में संज्ञानात्मक हानि सामान्य है और चिकित्सकों में डिमेंशिया के लक्षणों और जांच मानदंडों को लेकर ज्ञान की कमी को इसकी शुरुआत में पहचान नहीं होना और देर से पता चलने के मुख्य कारण के तौर पर पहचाना गया है। आयु से संबंधित स्मृतिलोप को केवल सामान्य उम्र बढ़ने का हिस्सा मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कभी-कभी यह भूल जाना कि हमने कार कहां खड़ी की थी या हमने अपनी चाबी कहां छोड़ी थी, ऐसा हर किसी के साथ हो सकता है, लेकिन जब ऐसी स्थितियां बार-बार होने लगती हैं तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी होता है। कई व्यक्तियों की सोचने और जानकारी याद रखने की क्षमता में हल्के बदलाव का अनुभव करने से डिमेंशिया नहीं होगा।



## ट्रेंड

### गायत्री स्पिवक को बधाई



मैं प्रोफेसर गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक को मानविकी और सामाजिक विज्ञान में सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक 'होलबर्ग प्राइज- 2025' के लिए चुने जाने पर बधाई देती हूं। मैं गांवों में गरीब-हितैषी स्वैच्छिक सेवाओं के साथ स्पिवक के जुड़ाव से प्रभावित हूं। **-ममता बनर्जी, सीएम**

### रेटिना स्कैन सही नहीं



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से संबंधित एक व्यवस्था के तहत महिलाओं को रैटिना स्कैन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करानी होगी और ऐसे में उन्हें घूंघट हटाना पड़ेगा जो स्थानीय संस्कृति पर हमला है। **- राजकुमार रोत, सांसद**

### पर्रिकर को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री व गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि पर्रिकर को उनकी प्रशासनिक कुशलता के लिए हमेशा याद किया जाएगा। **-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### भारत का लक्ष्य महत्वाकांक्षी



भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, लेकिन इसके लिए और अधिक महत्वाकांक्षी होने की आवश्यकता है। भारत को अपने शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में अन्य देशों के साथ तालमेल बिठाना चाहिए। **-हेलेन क्लार्कसन, क्लाइमेट ग्रुप प्रमुख**


**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भाषा की नफरती सियासत में चंद्रबाबू की एंट्री, बोले- हिंदी का अपना महत्व, जरूर सीखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच इस समय परिसीमन और भाषा को लेकर विवाद देखने को मिला है। इस विवाद में अब आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू की भी एंट्री हो गई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब दक्षिण के कई राज्यों ने हिंदी के प्रति विरोध दिखाया है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने केंद्र पर भाषा थोपने का आरोप लगाया था।बता दें कि एक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए, हिंदी दिल्ली में संचार के लिए उपयोगी है। सीएम ने कहा कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों का अपना महत्व है और इन्हें सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा है। अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। इसके साथ उन्होंने कहा कि भारतीय अब विभिन्न देशों में जा रहे हैं। इस बात पर उन्होंने जोर दिया कि आजीविका के लिए हम कोई भी भाषा सीख सकते हैं।

**तमिलनाडु में भाषा को लेकर हो रही राजनीति**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए, हिंदी दिल्ली में संचार के लिए उपयोगी है। हिंदी और अंग्रेजी दोनों का अपना महत्व है और इन्हें सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा है और अंग्रेजी विदेशों में बोली जाने वाली भाषा है। दोनों का अपना महत्व है।

## हिंदी थोपने का आरोप लगाना पाखंडः पवन



इससे पहले आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने तमिलनाडु के नेताओं की आलोचना की और कहा कि राज्य में कथित तौर पर हिंदी थोपने का आरोप लगाना पाखंड है।उन्होंने कहा कि ये नेता हिंदी का विरोध करते हैं, लेकिन वित्तीय लाभ कमाने के लिए तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करवाते हैं। इस बयान के बाद उन्होंने इस बात को भी साफ कर दिया कि उन्होंने कभी हिंदी को विरोध नहीं किया है।

स्टालिन ने कहा-तमिल का विरोध करने वाले इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं

## सीतारमण ने भी रुपए का तमिल सिंबल इस्तेमाल किया:स्टालिन



**चैन्नई।** तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच भाषा विवाद को लेकर बयानबाजी जारी है। हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने स्टेट बजट में रुपए के सिंबल की जगह तमिल सिंबल का इस्तेमाल किया था। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि राष्ट्र की संप्रभुता-अखंडता को बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ लेते हैं। क्षेत्रीय गौरव के लिए राष्ट्रीय प्रतीक को बांटना ठीक नहीं है। इस पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी रुपए के सिंबल की जगह तमिल सिंबल का उपयोग किया था। ये कोई इतना बड़ा मुद्दा नहीं है। उन्होंने अपनी सरकार का बचाव करते हुए कहा- तमिल का विरोध करने वाले इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। यह उनकी सरकार की तमिल भाषा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दरअसल तमिलनाडु सरकार राज्य के स्कूलों में हिन्दी अनिवार्य करने का विरोध कर रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्य तमिल, अंग्रेजी और हिन्दी भी पढ़ाएं।

**खबर संक्षेप**

### पीएम मोदी ने देबेंद्र प्रधान को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देबेन्द्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता थे, जिनका 84 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हो गया। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देबेन्द्र प्रधान एक लोकप्रिय जननेता और कुशल सांसद थे। ओडिशा में भाजपा को दिया योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। ओडिशा के उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने भी उन्हें पुष्पाजंलि दी।



### छत्रपति शिवाजी के मंदिर का उद्घाटन किया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को ठाणे जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित एक मंदिर का उद्घाटन किया और स्वराज्य तथा देश के लिए लड़ने वाले मराठा राजा की सराहना की। मराठा राजा की जयंती सोमवार को पूरे राज्य में तिथि के अनुसार मनाई गई। राज्य सरकार का आधिकारिक 'शिव जयंती' समारोह हर साल 19 फरवरी को मनाया जाता है। फडणवीस ने कहा कि जिस प्रकार भगवान राम के दर्शन हनुमान के बिना अधूरे हैं, उसी प्रकार छत्रपति महाराज को सम्मान दिए बिना कोई भी तीर्थयात्रा पूरी नहीं होती।



रेल मंत्री ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों जवाब देते हुए कहा

# भारत मे रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम, विकसित देशों में तो '10 गुना' किराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि रेल से एक यात्री को एक किमी लेकर जाने की लागत है 1.38 रुपए। हम किराया लेते हैं 73 पैसे यानि करीब 47% का डिस्काउंट। ये सालाना करीब 60,000 करोड़ रुपए बैठता है।

भारत में रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम है। विकसित देशों में तो 10 गुना किराया लिया जाता है। इस वर्ष 31 मार्च तक भारतीय रेलवे वर्ल्ड टॉप 3 देश में शामिल होगा। चीन, अमेरिका और भारत, ये तीन देश इस बार टॉप 10 में शामिल होंगे। बजट सत्र के चौथे दिन सोमवार को तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने मांग की कि सदन की दिनभर की कार्यवाही रोकी जाए और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की जाए।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना जमकर निशाना साधा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत में रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम है। विकसित देशों में तो 10 गुना किराया लिया जाता है। इस वर्ष 31 मार्च तक भारतीय रेलवे वर्ल्ड टॉप 3 देश में शामिल होगा।

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिए एक एक सवाल के जवाब**



### सत्र के पिछले तीन दिन हंगामेदार रहे

बजट सत्र के दूसरे फेज के तीनों दिन (10, 11, 12 मार्च) डीएमके सांसदों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) और ट्राई-लैंग्वेज को लेकर खूब हो-हल्ला किया। कांग्रेस ने गुजरात में भारत-पाक बॉर्डर पर अडाणी ग्रुप के रिन्युएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठाया था। कांग्रेस ने इसे देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। इसके बाद सदन में शोर होने लगा।

### इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होताः गायकवाड़



वर्षा गायकवाड़ अनुदान की मांगों पर चर्चा में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है।उन्होंने ये भी कहा कि दावा किया जाता है कि रेल बजट में अभूतपूर्व बदलाव किए गए, जबकि ये गलत है। सच ये है कि ये फेल बजट है। मौजूदा सरकार यही नैरेटिव बनाने की कोशिश करती है कि हर विकास 2014 के बाद हुआ। जबकि तथ्य ये हैं कि पब्लिक सेक्टर के उपक्रम खराब स्थिति में हैं। इधर, दोनों पार्टियों के सांसद डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

### लोकसभा में उठा रेल टिकट का मुद्दा

टीएमसी की सांसद ने रेल टिकट का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार टिकट रद्द होने से करोड़ों रुपए की कमाई कर रही है, लेकिन यात्री ट्रेनों में सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन की तुलना बिरयानी से की और कहा कि देश में जिन लोगों को दाल भात खाने को नहीं मिल रहा है, उनके लिए वंदे भारत बिरयानी जैसी है, जिसे खाना गरीब लोगों के बस की बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार देश के अमीरों के लिए वंदे भारत ट्रेनों के संचालन पर ध्यान दे रही है, लेकिन गरीबों के लिए यात्री ट्रेनों में आधारभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

स्वास्थ्य सेवा में हो रही भारी धांधली का मुद्दा

## बीमाधारकों की जान जोखिम में डालकर मची लूट का मामला उठा राज्यसभा में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में स्वास्थ्य सेवा में हो रही भारी धांधली का मुद्दा उठा। विभिन्न दलों के सांसदों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सहित संबंधित विभागों के मंत्रियों से आग्रह किया कि वे इस विषय को बेहद गंभीरता से लें ताकि जनहित में जनकल्याणकारी योजनाओं को सही ढंग से लागू किया जा सके। कर्नाटक के इरन्ना कराडी ने मामले को प्रमुखता से उठाते हुए सभापति से आग्रह किया कि आयुषमान योजना के तहत किया गया स्वास्थ्य बीमा हो या फिर अन्य तरह से किए गए स्वास्थ्य बीमा का मामला हो। स्वास्थ्य बीमा की रकम हड़प करने के लिए स्वास्थ्य सेवा अब फर्जी धंधे का रूप ले लिया है। जो न सिर्फ आम जनजीवन को प्रभावित कर रहा है बल्कि इससे स्वास्थ्य सेवा जैसा भगीरथ क्षेत्र कलंकित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों से ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि आयुष्मान कार्डधारी से फर्जी तरीके से इलाज दिखाके या जरूरत से इतर उनकी स्वास्थ्य सेवा दिखाकर फर्जी वसूली की जा रही है। बिना वजह सर्जरी की शिकायत आ रही है। इससे योजना की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि केंद्र सरकार को ऐसी योजनाओं के तहत ली जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का ऑडिट समय समय पर करना चाहिए ताकि फर्जीवाडे पर अंकुश लगाया जा सके। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह गोहिल ने सदन पटल पर एक उदाहरण के साथ आयुष्मान कार्डधारी के साथ हो रहे बेहद गलत बर्ताव का उल्लेख किया। उन्होंने गुजरात के एक निजी अस्पताल का जिक्र करते हुए बताया कि एक गरीब आयुष्मान कार्डधारी अस्पताल में दाखिल होता है। उसे पैर में जख्म की शिकायत थी। अस्पताल ने पहले कहा मुफ्त इलाज दिया जाएगा। तमाम टेस्ट के बाद अस्पताल के चिकित्सक ने उससे पैर कटवाने को कहा। उक्त मरीज ने कहीं और दिखाया। वहां के डाक्टर ने कुछ दवाईयों से उसी बीमारी ठीक होने की बात कही। मरीज ने अस्पताल में पैर कटवाने के लिए मना किया तो अस्पताल ने उस पर 34 हजार रुपए का बिल चस्पां कर दिया। मरीज ने कहा कि आपने तो कहा था कि फ्री इलाज होगा। अस्पताल के उस डाक्टर ने कहा कि पैर कटवाओगे तो सब फ्री होगा। इस पर समूचा स्तब्ध हो गया। सभापति ने सांसद शक्ति सिंह गोहिल से सदन पटल पर सच्चाई के पेपर्स रखने को कहे।

जदयू के संजय झा ने दरभंगा की मखाने के फसल को एमसपी दिये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसान बहुत मेहनत कर विपरीत परिस्थितियों में मखाने की खेती करते हैं इसीलिए उनके फसल का समर्थन मूल्य तय कर केंद्र सरकार की एजेंसियां नेफेड और एनसीसीफ किसानों से एमएसपी पर सीधे खरीदी करे, जिससे मखाना किसानों को बहुत राहत होगी।

भाजपा के आरपीएन सिंह ने दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट, पटियाला कोर्ट और हाईकोर्ट की सडकों पर जैसे तैसे पार्किंग पर लग रहे जाम का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वकील और मुवक्किलों के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था हो ताकि सड़क जाम लगने से आमलोगों को भी परेशानी न हो।

### अमृतपाल के सहयोगियों को पंजाब लाएगी पुलिस

**डिब्रूगढ़ (असम)।** पंजाब पुलिस की 25 सदस्यीय टीम पिछले दो दिनों से असम के डिब्रूगढ़ में तैनात है, ताकि कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के सात सहयोगियों को यहां से स्थानांतरित किया जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्दलीय सांसद अमृतपाल के ये सहयोगी उसके साथ लगभग दो वर्षों से डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल में बंद हैं।अधिकारियों ने बताया कि स्थानांतरण की तारीख अभी आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं की गई है, लेकिन यह अगले दो से तीन दिनों में हो सकती है।



### मंदिर पर ग्रेनेड से हमला करने वाला हुआ ढेर

**अमृतसर।** मंदिर पर हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले के मुख्य आरोपी को सोमवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया। संदिग्ध की पहचान गुरसिदक सिंह के रूप में हुई है। अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमले के आरोपी गुरसिदक और विशाल की राजासांसी इलाके में छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी गुरसिदक को गोली लग गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया

## वक्फ विवाद पर सीएए जैसी राष्ट्रव्यापी विरोध की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के मामले पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के देश भर से आए प्रतिनिधियों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में शामिल मुसलमानों ने इसे उनकी धार्मिक आजादी में सरकार का हस्तक्षेप बताया। मुसलमान नेताओं ने केंद्र सरकार से वक्फ संशोधन बिल वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो वे पूरे देश में सीएए-एनआरसी जैसा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। तो क्या एक बार फिर पूरे देश में शाहीन बाग जैसे धरने-प्रदर्शन देखने को मिल सकते हैं? प्रदर्शनकारियों ने इसी तरह के तेवर दिखाए हैं। भाजपा ने कहा है कि यह संसद की कानून बनाने की संवैधानिक शक्ति को संख्या बल के आधार पर दी जा रही चुनौती है।



## हरियाणा भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों, नवनिर्वाचित मेयर और चेयरमैनों का अभिनंदन समारोह आयोजित

### मुख्यमंत्री ने नगर निकाय चुनाव में जीत का श्रेय भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री व पूरी टीम को दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नगर निकाय चुनाव में मिली प्रचंड जीत से गदगद भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय ''पंचकमल'' में भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष, नवनिर्वाचित मेयर, और चेयरमैनों का स्वागत और अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। स्वागत और अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी भी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर निकाय चुनाव में मिली जीत का श्रेय प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री सहित पूरी भाजपा टीम को दिया और जनता का भी आभार जताया तथा सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों, नवनिर्वाचित मेयर और चेयरमैनों को जीत की बधाई दी। समारोह में तय किया गया कि 25 मार्च को नगर निकाय चुनाव में जीत कर आए सभी भाजपा पार्षदों और मेयर व चेयरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पार्टी ने आप लोगों को विश्वास करके बड़ी जिम्मेदारी दी है। अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि पार्टी ने जो विश्वास जताया है उसका तीन गुणा पार्टी को दें, इसी सोच के साथ मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने आशीर्वाद और सहयोग दिया तभी हमें इतनी बड़ी जीत मिली है। सैनी ने यह भी कहा कि चुनाव में प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा का मार्गदर्शन मिला और परिणाम स्वरूप प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर निकाय चुनाव में मेहनत की है जिसके परिणाम स्वरूप में जीत मिली है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही हम लगातार चुनाव जीत रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी सभी निवनियुक्त जिला अध्यक्षों, नव निर्वाचित मेयर, नगरपालिका, नगरपरिषदों के चेयरमैनों को जीत की बधाई दी और उनका स्वागत किया। इस मौके पर बड़ौली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट की भी तारीफ की।

**बजट-2025-26**

सीएम नायब सैनी ने पेश किए कई बड़े प्रस्ताव

## हरियाणा में स्टार्टअप्स के लिए 2000 करोड़ का फंड

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की भाजपा सरकार ने प्रदेश के लोगों के लिए बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने पहले बजट में छह बड़े प्रस्ताव पेश किए हैं। जिसमें युवाओं के लिए नए रोजगार, स्टार्टअप्स से लेकर एआई मिशन के तहत गुरुग्राम और पंचकूला को एआई हब बनाने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वर्ष 2025-26 में 2 लाख 5 हजार करोड़ का बजट का प्रस्ताव रखा है। यह बीते वर्ष की तुलना में 13.7 प्रतिशत अधिक बजट है। सीएम नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा सरकार ने ई-गवर्नेंस पर काफी बल दिया। इस दिशा में हरियाणा एआई मिशन की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमे विश्वबैंक ने 474 करोड़ रुपए का सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा बजट के दौरान बताया गया कि हरियाणा ओवरसीज इंप्लॉयमेंट सेल और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार दिलाया जाएगा।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई घोषणाएं

## 25,000 को मिलेगा रोजगार कर्मचारियों-पेंशनरों को तोहफा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया। बतौर वित्त मंत्री सीएम सुक्खू ने 58,514 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न श्रेणियों के पदों को भरने सहित 25,000 को रोजगार देने का एलान किया। महाविद्यालयों-विद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के कुल 1000 पद भरे जाएंगे। आयुष चिकित्सा अधिकारियों के 200, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों तीन, सोवा रिग्पा अधिकारियों तीन, यूनानी चिकित्सा अधिकारी दो, आयुर्वेदिक फार्मेसी के 52, लैब तकनीशियन 32, स्टाफ नर्स 33, एएनएम 82, जेओए(आईटी) के 42 पदों को भरा जाएगा। पुलिस विभाग में पुलिस कांस्टेबलों के 1 हजार रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया वित्त वर्ष 2025-2026 में शुरू कर दी जाएगी। पुलिस कांस्टेबल की पदोन्नति से संबंधित परीक्षा लगभग 500 पदों के लिए करवाई जाएगी।



साय ने की गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात

## बस्तर के विकास को मिल रही नई दिशाः मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सरकार की सख्त नीतियों और सुरक्षा बलों की प्रभावी रणनीति के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति लौट रही है। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात की। इस बैठक में नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने, बस्तर के विकास को तेज करने और पर्यटन व आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को अवगत कराया कि नक्सलवाद अब अपने आखिरी पड़ाव पर है और सरकार इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। राज्य और केंद्र के संयुक्त प्रयासों से नक्सली संगठनों की पकड़ कमजोर हो चुकी है। अब अंतिम चरण की रणनीति तैयार कर बस्तर को स्थायी शांति की ओर ले जाने पर जोर दिया जा रहा है। नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 का असर दिखने लगा है।



## जनवरी में थोक महंगाई 2.31 प्रतिशत पर थी

# सब्जी, तेल व पेय पदार्थ महंगे होने से थोक महंगाई बढ़कर 2.38 प्रतिशत पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल फरवरी में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। जनवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 2.31 प्रतिशत के स्तर पर थी।

लगातार तीन माह की गिरावट के बाद डब्ल्यूपीआई में मामूली वृद्धि देखी गई। सब्जी, तेल और पेय जैसे विनिर्मित खाद्य पदार्थ महंगे होने के कारण फरवरी, 2025 में महंगाई बढ़ी। एक साल पहले फरवरी, 2024 में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति 0.2 प्रतिशत थी।

### कपड़ा आदि के मूल्यों में भी बढ़ोतरी

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि फरवरी, 2025 में मुद्रास्फीति की दर में हुई वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और कपड़ा आदि के मूल्यों में वृद्धि के कारण है। कुल मिलाकर विनिर्मित उत्पाद सूचकांक फरवरी में 0.42 प्रतिशत बढ़ा।

### खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आने की संभावना

इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि आने वाले वक्त में अच्छी फसल और ऊंचे आधार प्रभाव से डब्ल्यूपीआई-खाद्य मुद्रास्फीति में और गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि सामान्य से अधिक तापमान खाद्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा करता है। उन्होंने कहा कि इक्रा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति औसतन 2.5-3 प्रतिशत रहेगी।

- लगातार तीन माह की गिरावट के बाद डब्ल्यूपीआई में वृद्धि
- फरवरी में महंगाई खाद्य वस्तुएं महंगी होने से बढ़ी
- पेय पदार्थों की महंगाई मामूली रूप से 1.66 फीसदी बढ़ी



### वनस्पति तेल में 33.59 प्रतिशत की वृद्धि

विनिर्मित खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति बढ़कर 11.06 प्रतिशत हो गई, वनस्पति तेल में 33.59 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पेय पदार्थों की मुद्रास्फीति महीने के दौरान मामूली रूप से बढ़कर 1.66 प्रतिशत हो गई। हालांकि, सब्जियों की कीमतों में नरमी आई और आलू की मुद्रास्फीति 74.28 प्रतिशत से घटकर 27.54 प्रतिशत पर आ गई।

### होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर उत्पादक क्षेत्र पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं।

### डब्ल्यूपीआई में ज्यादा भार मेटल व केमिकल का होता है

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। दूध की कीमतों में वृद्धि पिछले महीने के 5.40 प्रतिशत से घटकर 1.58 प्रतिशत पर आ गई। फलों और प्याज की कीमतें क्रमशः 20 प्रतिशत और 48.05 प्रतिशत बढ़ीं। ईंधन और बिजली श्रेणी में फरवरी में 0.71 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। जबकि पिछले महीने इसमें 2.78 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

## स्विगी इंस्टामार्ट ने देश के 100 शहरों में किया विस्तार

**नई दिल्ली।** त्वरित वाणिज्य (क्विक कॉमर्स) मंच स्विगी इंस्टामार्ट ने सोमवार को कहा कि उसने 10 मिनट में आपूर्ति की बढ़ती मांग को देखते हुए अपना विस्तार कर देशभर के 100 शहरों, खासकर दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में किया है। स्विगी इंस्टामार्ट ने बयान में कहा कि इसके साथ, लाखों नए ग्राहकों के पास अब 30,000 से अधिक उत्पादों तक पहुंच है, जिसमें किराना का सामान और दैनिक आवश्यक वस्तुओं से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, फैशन, मेकअप, खिलौने और बहुत कुछ शामिल हैं, जिनकी आपूर्ति 10 मिनट में की जाती है। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने, स्विगी इंस्टामार्ट ने रायपुर, सिलीगुड़ी, जोधपुर और तंजावुर जैसे शहरों में अपनी सेवा शुरू की। स्विगी इंस्टामार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमितेश झा ने कहा, हमने देखा है कि सुविधा-आधारित खुदरा व्यापार के लिए महत्वपूर्ण आकर्षण भारतीय महानगरों से बाहर भी है। क्योंकि उपभोक्ता व्यवहार और त्वरित-वाणिज्य के मूल्य-प्रस्ताव दोनों एक साथ विकसित होते हैं। 100 शहरों में हमारा विस्तार हमारी पहुंच को मजबूत करता है और हमें कम सेवा वाले भौगोलिक क्षेत्रों में बढ़ती उपभोक्ता जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने की सहूलियत देता है। उन्होंने कहा, "वर्ष 2025 में, चार में से एक नया उपयोगकर्ता दूसरी या तीसरी श्रेणी के शहर से आएगा, जो त्वरित वाणिज्य की बढ़ती मांग को रेखांकित करता है।

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.13 प्रतिशत बढ़कर 21.26 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसमें अग्रिम कर संग्रह में वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा।

**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र
संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04
निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 28.03.2025
उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.03.2025 से बढ़ाकर 28.04.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 12.03.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 832/25

**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र
संदर्भः i) निविदा सूचना संख्या 104/2024–2025 दिनांक 08/03/2025।
ii) निविदा संख्या 118241251A दिनांक 01/04/2025 को देय।
01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा की शर्तों में 30% विकल्प खंड जोड़ा गया है।
02. निविदा की नियत तिथि वही है अर्थात 01.04.2025
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 829/25

**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र
संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02
निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 28.03.2025
उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.03.2025 से बढ़ाकर 28.04.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 12.03.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 831/25

**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र
संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03
निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 28.03.2025
उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.03.2025 से बढ़ाकर 28.04.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 12.03.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 830/25

### कोल्टे-पाटिल रियल्टी में हिस्सेदारी के लिए ब्लैकस्टोन की पेशकश

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन पुणे स्थित रियल्टी कंपनी कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लिमिटेड में सार्वजनिक शेयरधारकों से 758.56 करोड़ रुपये में 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी जुटाने के लिए खुली पेशकश लेकर आई है।

## आईपीएल से पहले जियो की जियोहॉटस्टार सेवा मुफ्त

एजेंसी : नई दिल्ली

- नए ग्राहकों को 90 दिन के लिए मिलेगी मुफ्त सेवा
- सेवा का लाभ उठाने 299 रुपए से अधिक का रिचार्ज कराना होगा

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने के साथ ही, दूरसंचार कंपनी जियो ने जियो के ऐसे मौजूदा और नए ग्राहकों को 90 दिन के लिए मुफ्त जियोहॉटस्टार सेवा की घोषणा की है, जो 299 रुपये या उससे अधिक का प्लान चुनते हैं या रिचार्ज करते हैं। अभी से 31 मार्च, 2025 के बीच 299 रुपये (1.5 जीबी/दिन या अधिक) या उससे अधिक प्लान के साथ रिचार्ज करने वाले मौजूदा जियो सिम उपयोगकर्ता इस पेशकश का लाभ उठा पाएंगे। इनके अलावा, वे लोग भी इस पेशकश का लाभ उठा पाएंगे, जो इस अवधि के दौरान 299 रुपये (1.5जीबी/दिन या अधिक) या उससे अधिक प्लान के साथ नया जियो सिम लेते हैं।

## रुपया 24 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के कारण सोमवार को रुपया 24 पैसे उछलकर 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और सकारात्मक वैश्विक बाजारों के कारण रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.90 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चस्तर 86.76 तक गया और 86.90 के निचले स्तर तक आया। कारोबार के अंत में यह 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 24 पैसे की बढ़त है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अरमान उर्फ अमन पुत्रः नौसाद, पताः** 20/17, गली नं. 16, चौहान बंगर, जाफराबाद, दिल्ली, **FIR No. 208/2024, U/s 356/379/411/34 IPC,** थानाः जगतपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरमान उर्फ अमन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरमान उर्फ अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 208/2024, U/s 356/379/411/34 IPC,** थानाः जगतपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अरमान उर्फ अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री आयुषी सक्सेना
महानगर दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, दूसरी मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/3296/SHD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लाला राम,** पुत्र : श्री बाबू लाल, **पताः** मकान नं. 83ए, डी–ब्लॉक, लक्ष्मी पार्क, नांगलोई, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 10/14 U/S 279 / 338 IPC, थानाः बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लाला राम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लाला राम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 10/14 U/S 279 / 338 IPC, थानाः बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **लाला राम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
महानगर दण्डाधिकारी–05 (उत्तर)
कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/3168/ON/2025
(Court Matter)

**चिकित्सा**
बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## वैश्विक मजबूती से सोना 90,750 रुपए के नए शिखर पर

एजेंसी : नई दिल्ली

अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता, व्यापार तनाव और फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में ढील की बढ़ती उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के चलते सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज हुआ। सोने की कीमत 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के उछाल के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना लगातार चौथे दिन मजबूत हुआ। आज इसकी कीमत 1,300 रुपये के उछाल के साथ 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। जनवरी से अब तक 14.31 फीसदी का उछाल इस साल अब तक, सोने की कीमतें एक जनवरी को 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से 11,360 रुपये या 14.31 प्रतिशत बढ़कर 90,750 रुपये हो गई है। शुक्रवार को होली के अवसर पर सराफा बाजार बंद थे।

### कॉमेक्स में सोना वायदा में तेजी

कॉमेक्स सोना वायदा 3,007 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को इसने 3,017.10 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर को छुआ था। मेहता ने कहा, ''मुद्रास्फीति घटने के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद बढ़ने के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब बनी हुई हैं। राजनीतिक जोखिम बढ़े : मेहता ने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिमों ने सराफा की कीमतों को मजबूत किया है, क्योंकि अमेरिका ने पुष्टि की है।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.13 प्रतिशत बढ़कर 21.26 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसमें अग्रिम कर संग्रह में वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। सरकार ने अग्रिम कर की चार किस्तों से 14.62 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10.44 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 9.11 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के लिए अग्रिम कर भुगतान की अंतिम किस्त 15 मार्च, 2025 को देय थी। कॉरपोरेट कर श्रेणी के तहत अग्रिम कर संग्रह 12.54 प्रतिशत बढ़कर 7.57 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि गैर-कॉरपोरेट श्रेणी में अग्रिम कर संग्रह 20.47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आयकर अधिनियम की धारा 208 के अनुसार, जिस व्यक्ति की अनुमानित कर देयता 10,000 रुपये से अधिक होने की संभावना है (स्रोत पर कर कटौती और संग्रह - टीडीएस और टीसीएस पर विचार करने के बाद) उसे उस वर्ष अग्रिम कर का भुगतान करना आवश्यक है। इसमें वेतनभोगी करदाता भी शामिल हैं। अग्रिम कर का भुगतान वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले उस आय पर किया जाना चाहिए जो उस वर्ष अर्जित की गई होगी। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों- वित्त वर्ष के दौरान 15 जून, 15 सितंबर, 15 दिसंबर और 15 मार्च में किया जाता है। सीबीडीटी ने जारी किए आंकड़े केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध गैर-कॉरपोरेट कर से संग्रह (मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर समेत) सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर लगभग 11.01 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## घरेलू शेयर बाजार की गिरावट थमी, सेंसेक्स 341 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार पांच दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स में 341 अंक और निफ्टी में करीब 112 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 341.04 अंक चढ़कर 74,169.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.44 अंक उछलकर 74,376.35 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 111.55 अंक बढ़कर 22,508.75 अंक पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह तगड़ी बिकवाली का सामना करने वाले इंडसइंड बैंक का शेयर भारतीय रिजर्व बैंक के आश्वासन के बाद 5.30 प्रतिशत तक उछलने के बाद 0.72 प्रतिशत की बढ़त पर बंद हुआ। शनिवार को रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को आश्वस्त किया था कि निजी क्षेत्र के इस बैंक के पास पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है।

## मारुति तीसरी बार बढ़ाएगी कार की कीमतें 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगे नए रेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने सोमवार को ऐलान किया कि वह 1 अप्रैल, 2025 से अपनी कारों की कीमतों में 4 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। यह निर्णय बढ़ती इनपुट लागत और बढ़ते ऑपरेशनल एक्सपेंसेस के जवाब में लिया गया है। इससे कंपनी की लाभ प्रभावित हो रही थी।

इस साल जनवरी और फरवरी के बाद भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी द्वारा अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा तीसरा की है। जनवरी 2025 में कंपनी ने कार की कीमतों में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। दिसंबर 2024 में इसकी घोषणा की गई थी। वहीं, फरवरी में भी कार की कीमतों में इतनी ही बढ़ोतरी की गई थी। घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि वह कच्चे माल के दाम बढ़ने की वजह से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में अप्रैल महीने से दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें एक अप्रैल, 2025 से दो प्रतिशत तक बढ़ जाएंगी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन ओल्ड बावल में चारदिवारी का निर्माण। | 11.03.2025 25.03.2025 | 1.22 करोड़ | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32904/I/88/7 दि. 17.03.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | E-TENDER ENQUIRY NO. 33/CWR/2024-25/ 2025_HBC_426380_1 DATED 28.01.2025 | शुद्धिपत्र सं. 02, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 20.03.2025 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32906/I/88/7 दि. 17.03.25

## शब्द पहेली - 5808




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 5807 का हल**





## खबर संक्षेप



### कैपिटल्स ने डुप्लेसी को बनाया उप कप्तान

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को सोमवार को उप कप्तान नियुक्त किया। दिल्ली की टीम ने इससे पहले शुक्रवार को भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया था। डुप्लेसी ने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली की टीम शानदार है और खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। निश्चित तौर पर मैं खुश और तैयार हूं।' यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पिछले तीन सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का कप्तान रहा।

### किंग्स से देर से जुड़ेंगे अफगानी उमरजई

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजामतुल्लाह उमरजई व्यक्तिगत कारणों से 22 मार्च से शुरू होने इंडियन प्रीमियर लीग की



अपनी टीम पंजाब किंग्स से देर से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी सोमवार से आ रहे हैं लेकिन आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर उमरजई 20 मई को ही टीम से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम सत्र का अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, 'उमरजई के घर में कुछ समस्या है। वह 20 मई तक भारत में रहेंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी आज से पहुंचना शुरू हो गए हैं।'

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभ्यास शिविर शुरू

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोर ग्रुप में शामिल 36 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर सोमवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ)



परिसर में शुरू हो गया और मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि इसमें टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाएगा। शिविर का समापन 28 मार्च को होगा। फुल्टन ने कहा, 'खिलाड़ियों के लिए यह सत्र बेहद व्यस्त रहा और उन्हें लगातार प्रतियोगिताओं में कड़े मैच खेलने पड़े। इस शिविर में टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के अलावा फिटनेस और अनुकूलन पर ध्यान दिया जाएगा।'

### बेकहम, एसो और रोजित ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** डेविड बेकहम, एसो अल्बान और रोजित सिंह की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की के कोन्या में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में पुरुष टीम स्प्रिंट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। भारतीय टीम ने 14 से 16 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 44.187 सेकंड का



समय निकाला। उन्होंने पिछले साल एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में बनाए गए 44.451 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। भारतीय टीम हालांकि रैंकिंग में 11वें स्थान पर रही। ग्रेट ब्रिटेन ने 42.060 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान (42.194) और ऑस्ट्रेलिया (42.352) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

### हम कई क्षेत्रों में गलतियां कर रहे हैं: इंजमाम

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने देश में क्रिकेट के पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए इस खेल को संचालित कर रहे लोगों की कई क्षेत्रों में की गई गलतियों को जिम्मेदार ठहराया।



इंजमाम में लाहौर में पत्रकारों से कहा कि पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन में बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'हम सही दिशा में काम नहीं कर रहे हैं और कई क्षेत्रों में लगातार गलतियां कर रहे हैं।' राष्ट्रीय चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष इंजमाम ने आगाह किया कि अगर जल्द ही ठोस योजना तैयार नहीं की गई तो यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी।

# मीरा एंड्रीवा और जैक ड्रेपर बने इंडियन वेल्स में चैंपियन



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई।

पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को हराया था।



### खुद पर भरोसा बनाए रखा : मीरा

एंड्रीवा भी इस जीत से महिला रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गई है। यह उनका वर्तमान सत्र में दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। इससे पहले वह दुबई मास्टर्स में चैंपियन बनी थी। मीरा ने मैच के बाद कहा, 'मैंने खुद पर भरोसा रखना और कभी हार नहीं मानने के जज्बे के लिए खुद का आभार व्यक्त करती हूं। अपना आत्मविश्वास और जज्बा बनाए रखना वास्तव में मुश्किल था इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इसलिए मैं खुद को धन्यवाद देना चाहूंगी क्योंकि मैंने भी इस जीत में थोड़ी भूमिका निभाई।'

### सबालेंका का खराब प्रदर्शन

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने इस साल कैलिफोर्निया में किए अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए फाइनल तक का सफर तय किया।



हालांकि, फाइनल में आकर एक बार फिर वह अपने फॉर्म से चूक गईं और उन्हें गंवाए गए अवसरों पर पछताना पड़ा। सबालेंका और मीरा के एक रिकॉर्ड की बात करें तो रूसी खिलाड़ी पर बेलारूस की स्टार का दबदबा रहा है। एंड्रीवा इस साल सबालेंका से दो बार हार चुकी थीं और ऐसा लग रहा था कि फाइनल एक तरफा देखने को मिलेगा। बेलारूस की सबालेंका ने चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट पर बैकहैंड विनर शॉट लगाया था।

महामुकाबले में लिवरपूल को 1-2 से मिली रोमांचक हार

# न्यूकासल बना इंग्लिश लीग कप चैंपियन, घरेलू टूर्नामेंट जीतने का 70 साल का इंतजार खत्म

एजेंसी ▶▶| लंदन

न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता और इस तरह से किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने रविवार को वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडेरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा, '70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है।' इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज़ फेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।




### बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराया

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है और गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको यह मैच हारने के कारण तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके 28 मैच में 56 अंक हैं।



### गोकुलम केरला ने नौ खिलाड़ियों पर सिमटे नामधारी एफसी को हराया

श्री भैनी साहिब। गोकुलम केरला एफसी ने नौ खिलाड़ियों तक सिमटी नामधारी एफसी को सोमवार को 3-1 से हराकर आई लीग फुटबॉल 2024-25 खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ा दिए। थाबिसो ब्राउन (57वां मिनट), एडामा नियाने (81वां) और इगनासियो एबेलेडो (92वां) ने गोकुलम के लिये गोल दागे जबकि नामधारी के लिये एकमात्र गोल मनवीर सिंह ने 63वें मिनट में किया। गोकुलम ने अब अपने घरेलू मैदान से बाहर लगातार तीन मैच जीत लिए हैं। इस जीत के बाद अब वह 19 मैचों में 31 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। शीर्ष पर चर्चिल ब्रदर्स उससे तीन अंक आगे है जिसके पास एक ही मैच बचा है। गोकुलम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। नामधारी एफसी के डिफेंडर सुखनदीप सिंह को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिलने से टीम के दस ही खिलाड़ी मैदान पर रह गए। इसके बाद 60वें मिनट में असंतोष जताने वाले क्लेडसन कार्वाल्हो डासिल्वा को भी लालकार्ड दिखाया गया।

क्रिकेट

# मेरे लिए समय का पहिया 360 डिग्री घूम गया: पंड्या

पिछले कुछ महीनों के मुश्किलों को लेकर भारतीय ऑलराउंडर का खुलासा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया। लेकिन वह मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे। पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा।

पंड्या ने भारत की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा। हार्दिक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले जिओ हॉटस्टार से कहा, 'मैं कभी हार नहीं मानता। मेरे करियर में कुछ ऐसे दौर भी आए जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था। मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई तो यह उससे भी ज्यादा था जितना मैंने सोचा था। इस छह महीने के समय में हमने विश्व कप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला उससे मैं अभीभूत था। मेरे लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया था।'

### मजबूत होकर की वापसी

इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को पूरा विश्वास था कि अगर वह पूरे लगन से अपना काम करते रहे तो मजबूत होकर वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि ऐसा कब होगा, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, नियति की अपनी योजना थी और मेरे मामले में, ढाई महीने के भीतर सब कुछ बदल गया।' पंड्या ने हाल ही में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के विजय अभियान में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद शमी के साथ नई गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पिछले साल अमेरिका में भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे।

बैडमिंटन

# स्विस ओपन में सिंधू, लक्ष्य को फॉर्म हासिल करने की उम्मीद



एजेंसी ▶▶| बासेल

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन यहां मंगलवार से शुरू हो रहे 250000 डॉलर ईनामी राशि के स्विस ओपन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा।वहीं लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं। तीन साल पहले यहां खिताब जीत चुकी सिंधू आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पिछले सप्ताह पहले ही दौर में हार गई थी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य आल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और सिंधू, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं। लक्ष्य और प्रणय का यह पेरिस ओलंपिक के बाद एक दूसरे से पहला मुकाबला होगा।

### आकर्षि और अनुपमा देंगी चुनौती



महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। कश्यप का सामना क्वालीफायर से तो अपराजिता की टक्कर डेनमार्क की लाइन होमार्क के से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से खेलेंगी। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा जबकि प्रियांशु राजावत स्विटजरलैंड के टोबियास कुएंजी से खेलेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर एलाइन म्यूलर और केली वान बुइटेन से होगी। वहीं प्रिया के और श्रुति मिश्रा तथा आरती साहा और वर्षिणी विश्वनाथ की जोड़ी भी इस वर्ग में खेलेंगी।

## अध्यक्ष पद के लिए अजय सिंह को कलिता-भंडारी से मिलेगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने की कवायद में लगे भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मौजूदा प्रमुख अजय सिंह को इस खेल महासंघ के 28 मार्च को होने वाले बहु

**बीएफआई चुनाव**

प्रतीक्षित चुनाव में महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी की चुनौती का सामना करना होगा। अजय सिंह स्पाइसजेट एयरलाइंस के अध्यक्ष भी हैं और उनके नाम का प्रस्ताव उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ ने किया। अध्यक्ष पद के लिए उनका मुकाबला असम मुक्केबाजी संघ के सचिव कलिता और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष भंडारी से होगा। भंडारी ने उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन किया है, जो वर्तमान में उनके पास है। केरल राज्य मुक्केबाजी संघ के सचिव डी चंद्रलाल अध्यक्ष पद के चौथे दावेदार हैं। चुनाव गुरुग्राम में बीएफआई की वार्षिक आम बैठक के दौरान होगा। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 मार्च थी।

# आईपीएल से पहले बिका गुजरात टाइटंस टॉरेंट ग्रुप ने खरीदी 67 फीसदी हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद स्थित कारोबारी समूह टॉरेंट ग्रुप ने सोमवार को कहा कि उसने आईपीएल के नए सत्र की शुरुआत से पहले गुजरात टाइटंस की फ्रेंचाइजी टीम में 67 प्रतिशत बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

टॉरेंट ग्रुप ने एक बयान में कहा कि गुजरात टाइटंस में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को भारतीय क्रिकेट बोर्ड सहित सभी आवश्यक मंजूरी मिल गई है। टॉरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस की नियंत्रक हिस्सेदारी को इरेलिया कंपनी पीटीई लिमिटेड से हासिल किया है जिसका स्वामित्व फिलहाल निजी इक्विटी कोष सीवीसी के पास है। स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े समूह ने बयान में कहा, 'जरूरी शर्तों को पूरा करने के साथ ही अब अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।' हालांकि, लेन-देन के हिस्से के रूप में इरेलिया के पास 33 प्रतिशत की अल्पांश हिस्सेदारी बनी रहेगी जिससे इस फ्रेंचाइजी के साथ उसका जुड़ाव बरकरार रहेगा। हालांकि, टॉरेंट ग्रुप ने इस अधिग्रहण सौदे से जुड़े वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है।सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने वर्ष 2021 में गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी को 5,600 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस टीम ने अपने पहले सत्र में ही आईपीएल का खिताब जीतकर शानदार आगाज किया था।




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लगी मिर्ची, लिया बड़ा एक्शन

# पीएसएल को ठुकराकर आईपीएल खेलेंगे ऑलराउंडर बॉश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की 22 मार्च से शुरुआत हो रही है। इससे पहले सभी फ्रेंचाइजियों ने तैयारी शुरू कर दी है। साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए रिप्लेसमेंट के तौर पर अपने स्क्वॉड में शामिल किया है। उन्होंने चोटिल लिजाद विलियम्स की जगह ली। ऐसे में बॉश ने पाकिस्तान सुपर लीग को छोड़ दिया था।

अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बॉश को लीगल नोटिस भेजा है। पीसीबी ने कॉर्बिन बॉश को अनुबंध संबंधी दायित्वों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी नोटिस भेजा है। यह पहला सीजन है जिसमें पीएसएल का आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। आईपीएल 22 मार्च से 25 मई तक चलेगा और पीएसएल 11 अप्रैल से 18 मई तक चलेगा। जनवरी में आयोजित पीएसएल ड्राफ्ट में पेशावर जाल्मी ने डायमंड श्रेणी में बॉश को चुना था। लेकिन 8 मार्च को मुंबई इंडिंस ने घोषणा की कि वह उनकी टीम में चोटिल लिजाद विलियम्स की जगह लेंगे।



### कॉर्बिन को लीगल नोटिस

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, कानूनी नोटिस उनके एजेंट के माध्यम से दिया गया था और खिलाड़ी से उनकी पेशेवर और संविदात्मक प्रतिबद्धताओं से हटने के उनके कदम को उचित ठहराने के लिए कहा गया है। पीसीबी प्रबंधन ने लीग से उनके जाने के नतीजों को भी रेखांकित किया है और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनके जवाब की अपेक्षा की है। पीसीबी इस मामले पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करेगा।

### बदला गया था पीएसएल विंडो

पीएसएल फ्रेंचाइजी बॉश पर कार्रवाई कर सकती हैं। उन्हें चिंता है कि इससे खिलाड़ियों के लिए पीएसएल के साथ साइन अप करने और फिर आईपीएल में जाने की मिसाल कायम हो सकती है। पीसीबी ने विदेशी खिलाड़ियों की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार करने के उद्देश्य से पीएसएल विंडो को बदल दिया था। जब पीएसएल फरवरी-मार्च विंडो में था तो खिलाड़ी एसए20, आईएलटी20 और बीपीएल में व्यस्त रहते थे। पिछले साल जब विंडो बदली गई थी तब तय हुआ कि आईपीएल ऑक्शन के बाद पीएसएल ड्राफ्ट आयोजित होगा। इससे विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में अधिक स्पष्टता हो सके। इस सीजन में आईपीएल नीलामी नवंबर 2024 में और पीएसएल ड्राफ्ट जनवरी 2025 में आयोजित किया गया था। पीएसएल ड्राफ्ट में डेविड वार्नर, डेरिल मिचेल, जेसन होल्डर, रासी वान डेर डूसेन और केन विलियमसन शामिल थे।

यह जानकारी भारत-न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्रियों के बीच सोमवार को हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक

# आतंकवाद, अलगाववाद से मिलकर दो-दो हाथ करने को तैयार भारत और न्यूजीलैंड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ सोमवार को हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर दोनों को कड़ा संदेश दिया गया। साथ ही भारत और न्यूजीलैंड ने एक परस्पर लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया है। इस साल के अंत तक यह समझौता हो सकता है। पाकिस्तान के संदर्भ में दोनों देशों के राष्ट्रप्रमुखों ने बैठक में आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरपंथी तत्वों का एकजुटता से मुकाबला करने की घोषणा की। भारत ने न्यूजीलैंड के समक्ष वहां जारी गैर-कानूनी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर अपनी चिंता जताई। इसके अलावा 15 मार्च 2019 के क्राइस्टचर्च से लेकर 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले का जिक्र करते हुए दोनों शीर्ष नेताओं ने कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। वहीं, चीन की आक्रामकता के मद्देनजर दोनों ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए एक खुले हुए स्वतंत्र, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी सहमति प्रदान करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड विस्तारवाद में नहीं बल्कि विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं। बैठक में द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए तमाम विषयों सहित क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों (यूक्रेन युद्ध का मुद्दा शामिल) पर भी विचार-विमर्श किया गया। यहां बता दें कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री बीते रविवार से भारत के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें रायसीना संवाद में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया है।

*भारत-न्यूजीलैंड विस्तारवाद के नहीं बल्कि विकासवाद की नीति के पक्षधर*

*स्वतंत्र, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर दोनों देश की सहमति*

**दोनों देशों के बीच एफटीए पर शुरू हुई बातचीत, साल के अंत तक समझौता होने की है संभावना**

### अलगाववादियों के खिलाफ मिलेगा सहयोग



विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वार्ता के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ एकमत हैं। यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। आतंकी हमलों के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आवश्यक है। दोनों देश आतंकवादी, अलगाववादी और कट्टरपंथी तत्वों के विरूद्ध मिलकर सहयोग करते रहेंगे। आतंकवादी हमलों के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आवश्यक है। पीएम मोदी ने विश्वास जताते हुए कहा कि इन सभी गैर-कानूनी तत्वों के खिलाफ हमें न्यूजीलैंड सरकार का आगे भी सहयोग मिलता रहेगा।

### एफटीए से बढ़ेगा व्यापार-निवेश

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री लक्सन के साथ बैठक में भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक परस्पर लाभकारी एफटीए पर चर्चा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। जिससे आपसी व्यापार और निवेश की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा, जटिल खनिजों के क्षेत्रों में सहयोग को दोनों देशों ने प्राथमिकता दी है। वानिकी और बागवानी में संयुक्त रूप से काम करने का फैसला किया है। दोनों राष्ट्रप्रमुखों ने एफटीए पर बातचीत की शुरुआत का स्वागत करते हुए कहा, यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने का महत्वपूर्ण उपाय है। जिसकी मदद से दोनों को समान लाभ और पूरकता सुनिश्चित होगी। साथ ही दोनों प्रधानमंत्रियों ने एफटीए संबंधी वार्ता को जल्द पूरा करने के लिए वरिष्ठ प्रतिनिधि नियुक्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### मजबूत होगी रक्षा-सुरक्षा साझेदारी

उन्होंने कहा कि वार्ता में हमने रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत रूप देने का निर्णय लिया। संयुक्त युद्धाभ्यास, प्रशिक्षण, नौसेना के जहाजों द्वारा एक-दूसरे के बंदरगाहों पर नियमित ठहराव के साथ-साथ रक्षा उद्योग जगत में भी आपसी सहयोग के लिए एक रोडमैप बनाया जाएगा। हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त कार्यबल-150 में दोनों नौसेनाएं संयुक्त रूप से काम कर रही हैं। आईपीओआई संगठन समुद्री क्षेत्र के प्रबंधन, संरक्षण और उसे सतत बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समुद्री सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

### कुल छह एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कुल 6 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। जिसमें भारत के रक्षा मंत्रालय और न्यूजीलैंड के रक्षा मंत्रालय के बीच रक्षा सहयोग पर एमओयू हुआ। भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा के बीच अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर-पारस्परिक मान्यता समझौता (एईओ-एमआरए), भारत के कृषि, कल्याण मंत्रालय और न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय के बीच बागवानी पर सहयोग संबंधी एमओयू, दोनों देशों के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच वानिकी पर हुआ आशय पत्र, भारत-न्यूजीलैंड के शिक्षा मंत्रालय के बीच शिक्षा सहयोग समझौता और दोनों के खेल मंत्रालयों के बीच खेलों में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन मुख्य है।

### न्यूजीलैंड के विवि भारत में खोलें कैंपस

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्यूजीलैंड में रहने वाला भारतीय समुदाय उनके सामाजिक-आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान दे रहा है। दोनों देशों ने यह तय किया है कि कुशल कर्मियों की मोबिलिटी को सरल बनाने और अवैध प्रवासन से निपटने के लिए एक समझौते पर तेजी से काम किया जाएगा। यूपीआई कनेक्टिविटी, डिजिटल ट्रांसजेक्शन और पर्यटन को बढ़ाने पर भी बैठक में बल दिया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के पुराने संबंध हैं। उन्होंने कहा कि हम न्यूजीलैंड के विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित करते हैं।

### आईपीओआई, सीडीआरआई से जुड़ेगा न्यूजीलैंड

पीएम मोदी ने इंडो-पेसिफिक ओसियन इनीशिएटिव और सीडीआरआई से न्यूजीलैंड के जुड़ने का स्वागत किया। इससे पहले वह अंतरराष्ट्रीय सौर संघ (आईएसए) में शामिल हुआ था। दोनों ने अगले साल 2026 में अपने खेल संबंधों की 100 वीं वर्षगांठ मनाने का निर्णय लिया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच क्रिकेट, हॉकी या पर्वतारोहण में पुराने संबंध हैं। दोनों शीर्ष नेताओं ने खेलों में कोचिंग और खिलाड़ियों के आदान-प्रदान के साथ ही खेल विज्ञान, साइकोलॉजी व मेडिसिन में सहयोग पर बल दिया है। दोनों नेता एकजुटता से अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। जो भारत, न्यूजीलैंड के लोगों के लिए एक शानदार भागीदारी साबित होगी।

---

पीएम मोदी से तुलसी गबार्ड की भेंट

## द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मुलाकात की।

इस अवसर पर पीएम मोदी ने उन्हें हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ से लाया गए पवित्र जल (जल) से भरा एक कलश भेंट किया। पीएम मोदी ने उन्हें बताया कि महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक भारतीयों ने आस्था की डुबकी लगाई। हिंदू धर्म को मानने वाली गबार्ड ने पीएम मोदी को रूद्राक्ष की माला अपनी तरफ से तोहफे के रूप में दी।



### पीएम मोदी से मुलाकात एक सम्मान: गबार्ड

मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने तुलसी गबार्ड को भारत-अमेरिका मैत्री का प्रबल समर्थक बताया। वहीं, गबार्ड ने पीएम मोदी से मुलाकात को एक सम्मान बताया। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ आपसी सहयोग बढ़ाने से जुड़े कई मुद्दों पर बात हुई।

---

कुपवाड़ा में आतंकी हमला

## मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, पुलिस का एक जवान घायल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच सोमवार को मुठभेड़ की खबर सामने आई है। खुफिया इनपुट के आधार पर सुरक्षाबलों को खबर मिली थी कि कुपवाड़ा में दो-तीन आतंकवादी छिपे हुए हैं। इसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने संयुक्त रूप से उनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। जैसे ही सुरक्षा बलों के जवान आतंकियों के करीब पहुंचे, उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सिक्योरिटी फोर्सेज ने भी गोलियां चलाईं। इस दौरान एक पुलिसकर्मी के घायल होने की सूचना है। वहीं एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है।

### संयुक्त सर्च ऑपरेशन जारी

अधिकारियों ने यहां बताया कि उन्होंने बताया कि हंदवाड़ा में चल रही मुठभेड़ में अब तक एक आतंकवादी मारा गया है। इससे पहले कुपवाड़ा जिले के कुंभुरा जचलदारा राजवार हंदवाड़ा में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना मिली थी। इसके आधार पर सुरक्षा बलों की ओर से एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अभी भी जारी है और आगे के विवरण की प्रतीक्षा है। इससे पहले रविवार को सेना के अधिकारियों को खुफिया जानकारी मिली थी कि आतंकवादी इलाके में छिपे हैं। इसके बाद सुरक्षाबलों ने हंदवाड़ा के जाकलदारा के कम्हूरा गांव में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

### » इलाके को सील कर दिया गया

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षाबलों को इलाके में 2 से 3 आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना थी, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की संयुक्त टीम ने इनकी घेराबंदी की। पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान चलाया गया। जैसे ही सेना के जवान आतंकियों के करीब पहुंचे, उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। ऑपरेशन के दौरान एक जवान के घायल होने की सूचना है। उसका इलाज किया जा रहा है। इलाके को सील कर दिया गया है।

---

पीएम के बयान से मुरीद हुआ चीन

## जमकर करने लगा तारीफ, कहा हम उनके साथ काम करना चाहते



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी के बयान की सराहना करते हुए चीन ने कहा कि ड्रैगन और हाथी के बीच बैले नृत्य एकमात्र विकल्प है। चीन ने भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा दोहराई है। हाल ही में पीएम मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा था कि दोनों देशों को मतभेद की जगह संवाद को प्राथमिकता देना चाहिए।

पीएम मोदी के इसी बयान पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक मीडिया ब्रीफिंग में अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चीन ने पीएम मोदी के हालिया बयान पर ध्यान दिया है। चीन इसकी सराहना करता है। माओ ने आगे कहा कि पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान में पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सफल द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक ने संबंधों के सुधार और विकास के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया। दोनों पक्षों ने आम समझ पर ईमानदारी से काम किया और सकारात्मक रिजल्ट हासिल किया।

### 2000 वर्ष पुराने आपसी संबंध

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि 2000 से अधिक वर्षों के आपसी संबंधों के इतिहास में दोनों देशों ने दोस्ताना आदान-प्रदान जारी रखा। दोनों देशों ने एक-दूसरे से सीखा। दो सबसे बड़े विकासशील देशों के तौर पर चीन और भारत ने अपने विकास और पुनरोद्धार के काम को साझा किया। एक-दूसरे की सफलताओं को समझा और उनका समर्थन किया। दोनों देशों के बीच सहयोग 2.8 अरब से अधिक लोगों के मौलिक हितों और क्षेत्रीय देशों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करता है। उन्होने कहा कि यह वैश्विक दक्षिण के मजबूत करने और विश्व शांति के ऐतिहासिक प्रवृत्ति का अनुसरण करता है।

### » ट्रंप ने साझा किया पीएम मोदी का पॉडकास्ट

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका के लोकप्रिय पॉडकास्टर एवं कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत का वीडियो लिंक साझा किया। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओनरशिप वाला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल जॉइन कर लिया है। उन्होंने लिखा कि ट्रुथ सोशल पर आकर बहुत प्रसन्न हूं! यहां उपस्थित सभी उत्साही लोगों से बातचीत करने तथा आने वाले समय में सार्थक बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें कि ट्रूथ सोशल को डोनाल्ड ट्रंप ने 2022 में लॉन्च किया था। ये प्लेटफॉर्म उन्होंने फेसबुक और ट्विटर से बैन होने के बाद लॉन्च किया था।

---

## अमेरिका के कई हिस्सों में 37 लोगों की मौत



**पिडमोंट।** अमेरिका के कई हिस्सों में बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण मकानों समेत कई इमारतों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम वैज्ञानिक कोडी स्नेल ने बताया कि कैरोलिनास, पूर्वी जॉर्जिया और उत्तरी फ्लोरिडा के कुछ हिस्सों के लिए बवंडर की चेतावनी बरकरार है। उन्होंने कहा कि मुख्य खतरा विनाशकारी हवाएं होंगी। शुक्रवार से आए इस तूफान को मौसम वैज्ञानिकों ने असामान्य रूप से 'उच्च जोखिम' वाला बताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में मौसम की इस तरह की चरम स्थितियों का होना असामान्य नहीं है।

---

अवॉर्ड्स के 18वें संस्करण का आयोजन हांगकांग में

## 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' बेस्ट फिल्म 'संतोष' के लिए शहाना और संध्या को अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में एशियन फिल्म अवॉर्ड्स में पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला। वहीं 'संतोष' फिल्म की अभिनेत्री शहाना गोस्वामी और निर्देशक संध्या सूरी को भी सम्मानित किया गया। अवॉर्ड्स के 18वें संस्करण का आयोजन रविवार को हांगकांग के वेस्ट कॉव्लून कल्चरल जिले के जिकू सेंटर में किया गया। एशियन फिल्म अवॉर्ड्स ने विजेताओं की सूची जारी की है। पायल कपाड़िया की फिल्म का मुकाबला 'ब्लैक डॉग' (चीन), 'एक्सहुमा' (दक्षिण कोरिया), 'टेकी कोमेथ' (जापान) और 'ट्वाइलाइट ऑफ द वॉरियर्स:



शहाना गोस्वामी

वॉल्ड इन' (हांगकांग) के साथ था। अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए पायल ने कहा कि हांगकांग जैसी सिनेमा के लिए शानदार जगह पर अपनी फिल्म के लिए सम्मानित होना एक खास अहसास था। एशिया के शानदार कामों के साथ उस समुदाय का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है।

---

यमन में हूती विद्रोहियों पर बड़ी कार्रवाई

## अमेरिकी हवाई हमले में 53 की मौत, 100 घायल, क्षेत्र में तनाव

एजेंसी ▶▶ काहिरा

यमन में हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर अमेरिकी द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 लोग घायल हो गए। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने भी हमलों की धमकी दी है जिससे यमन में तनाव और बढ़ने की आशंका है। बताया कि अमेरिकी हमलों में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत कम से कम 53 लोग मारे गए हैं तथा राजधानी सना एवं सऊदी अरब की सीमा पर विद्रोहियों के गढ़ सादा समेत अन्य प्रांतों में लगभग 100 लोग घायल हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया था। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह पूरी ताकत से हमले जारी रखेंगे।



### » न्यायाधीश की रोक के बावजूद सैकड़ों निर्वासित

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश द्वारा 18वीं सदी के युद्धकालीन अधिनियम के तहत निर्वासन पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का आदेश जारी किए जाने के बावजूद देश के ट्रंप प्रशासन ने सैकड़ों प्रवासियों को अल साल्वाडोर भेज दिया है। न्यायाधीश ने अधिनियम के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का जब आदेश दिया, प्रवासियों को ले जा रहे विमान उससे पहले ही उड़ान भर चुके थे। इसके कुछ ही घंटों बाद 'यूएस डिस्ट्रिक्ट जज' जेम्स ई बोसबर्ग ने इस पर रोक लगाए जाने का शनिवार को आदेश जारी किया लेकिन वकीलों ने उन्हें बताया कि दो विमान प्रवासियों को लेकर अल साल्वाडोर और होंडुरास की ओर पहले की उड़ान भर चुके हैं।

---

इसरो प्रमुख ने बताया- चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र सरकार की मिली मंजूरी

# 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने का लक्ष्य होगा पूरा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह मिशन भारत के 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, सरकार ने 2035 तक 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने की योजना को भी स्वीकृति दी है। चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान नारायणन ने बताया कि इसरो आने वाले वर्षों में कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे कई महत्वपूर्ण मिशन जारी हैं। चंद्रयान-4 का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से सैंपल इकट्ठा करना है, जबकि चंद्रयान-5, जिसे तीन दिन पहले मंजूरी मिली, इसमें 350 किलोग्राम का रोवर होगा। इस मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे हैं। इससे साफ है कि भारत अंतरिक्ष में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पीएम का एक ही लक्ष्य है- भारत को विकसित बनाना। मैं एक साधारण परिवार से हूं।

*चंद्रयान-4 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह से मिट्टी के नमूने लेंगे*

*चंद्रयान-5 मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे*

### 10 वर्षों में इसरो ने 433 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया



नारायणन ने बताया कि भारत अब तक 131 उपग्रह लॉन्च कर चुका है, जिनमें से कई सार्क देशों को भी दिए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में इसरो ने 433 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया है, जिनमें से 34 अन्य देशों के थे। उन्होंने कहा कि इसरो ने 90% की सफलता दर हासिल की है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि भारत अब न केवल अपने लिए, बल्कि अन्य देशों के लिए भी एक भरोसेमंद लॉन्च सेवा प्रदाता बन चुका है।

### तमिलनाड के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा

नारायणन ने बताया कि वहीं भारत अब तमिलनाडु के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी 2024 को इस परियोजना का उद्घाटन किया था। यह स्पेसपोर्ट छोटे उपग्रहों (500 किलोग्राम तक) को लॉन्च करने के लिए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) के उपयोग के लिए बनाया जा रहा है। इस परियोजना का निर्माण 5 मार्च 2025 से शुरू हो चुका है। इस स्पेसपोर्ट की मदद से भारत छोटे उपग्रहों के वैश्विक लॉन्च बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109